आवस्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 अंक : 142 हापुड़, सोमवार 09 दिसंबर 2024 RNI.NO. UPHIN/2020/86789 मूल्य:03 पेज़: 06

## विपरीत परिस्थितियों को अपने अनुकूल लाने का सामर्थ्य रखता है युवा- मुख्यमंत्री योगी



कानपुर । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम, श्रीकृष्ण, भगवान बुद्ध, आदि शंकराचार्य, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, उनके चार साहिबजादों, रानी लक्ष्मीबाई, वीर सावरकर, पं. राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, ठाकुर रोशन सिंह, लुईस ब्रेल, आइंस्टीन, न्यूटन के कृतित्व-व्यक्तित्व व कार्यों का उदाहरण देते हुए युवाओं को प्रेरित किया कि आपकी आयु हर चुनौती से जूझने का जज्बा रखती है। युवा हर विपरीत परिस्थिति को अपने अनुकूल लाने का सामर्थ्य रखता है। जिन्होंने देश की धारा को बदलने का कार्य किया, वे सब युवा थे। युवाओं के लिए कुछ भी असंभव नहीं, बस करने का जज्बा होना चाहिए। युवा पलायनवादी नहीं हो सकता। उसे देश-काल, समाज की वर्तमान स्थितियों की जानकारी भी होनी चाहिए। युवाओं को नवाचार, नए शोध व आसपास घटित होने वाली घटनाओं का अवलोकन करने की कार्यशैली को विकसित करना होगा। ऐसी घटनाएं सीखने व जानने का अवसर देती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को रामा विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने डॉ. बीएस कुशवाहा आयुर्विज्ञान संस्थान का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बधाई दी और कई विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, ड्रेनेज, नवाचार, शोध आदि को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन को कई सुझाव भी दिए। और पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि श्रद्धावान ही ज्ञान प्राप्त करने का अधिकारी है। जिसके मन में गुरुजन, माता-पिता व वरिष्ठों के प्रति श्रद्धाभाव नहीं है, उसे ज्ञान प्राप्त हो भी नहीं सकता। देशकाल व पात्रता का ध्यान रखा जाना चाहिए। तभी उसके अनुरूप ज्ञान से परिपूर्ण करना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने विद्यार्थियों से कहा कि जीवन में अनेक अवसर आते हैं, जो व्यक्ति को महान बनने का मौका प्रदान करते हैं, लेकिन यह विवेक पर निर्भर करता है कि उसके अनुरूप खुद को ढालने का सामर्थ्य रख पा रहे हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि कानपुर जनपद के अर्धविकसित क्षेत्र में चार दशक पहले जो बीज रोपा गया था, वह आज वटवृक्ष बनकर विश्वविद्यालय के रूप में शिक्षा-स्वास्थ्य, तकनीकी ज्ञान, नवाचार, शोध, निवेश व रोजगार का बेहतरीन केंद्र बनकर उभरा है। एक संस्थान विकास का माध्यम कैसे बन सकता है, यह रामा कॉलेज ने साबित किया है। मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से कहा कि सत्य के आचरण के साथ धर्म के मार्ग का अनुसरण करना है। धर्म का मार्ग बहुत विराट है। वास्तव में दुनिया के अंदर धर्म को भारतीय ऋषियों ने समझा है। यह सिर्फ उपासना विधि नहीं है। किसी ऋषि ने यह कभी नहीं कहा कि जो मैं कह रहा हूं, वही सत्य है बल्कि कहा कि देश, समाज के लिए जो अच्छा लगे, उसका आचरण कर आगे बढ़ो। कोई सनातन धर्मावलंबी यह नहीं कह सकता कि जो मंदिर जाए, वही हिंदू है। वेदों-शास्त्रों में विश्वास करूं या नहीं, तब भी मेरा हिंदुज्म मुझे लेकर चलेगा। हमने धर्म को उपासना विधि, ईष्ट या ग्रंथ तक सीमित नहीं किया। कर्तव्य, सदाचार व नैतिक मूल्य का प्रवाह ही भारतीय परंपरा में धर्म माना गया है। मुख्यमंत्री ने बच्चों को मंत्र दिया कि लिखने की आदत डालें, तकनीक से भागे नहीं, जो समाज रिफॉर्म व विज्ञान से भागा, वह कभी आगे नहीं बढ़ पाया। उन्होंने कहा कि 1989 तक 80 करोड़ आबादी में देश में केवल आधा फीसदी लोगों के पास टेलीफोन की सुविधा थी। थोड़ा प्रयास हुआ तो यह संख्या दो फीसदी हुई। रिफॉर्म के लिए अटल जी के नेतृत्व में 1999 में कदम उठाए गए तो आज भारत में 100 करोड़ लोगों के पास स्मार्ट फोन है। एक समय था, जब टेलीफोन के कूपन बिकते थे, लैंडलाइन टेलीफोन के लिए सिफारिश होती थी लेकिन 5 जी स्वीकार करने के बाद अब सिक्स जी की तैयारी चल रही है। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, महापौर प्रमिला पांडेय, कुलाधिपति डॉ. सूरज बीएस कुशवाहा, कुलपति जनार्दन अमरनाथ, मुख्य संरक्षक रमा कुशवाहा, निदेशक डॉ. प्रणव सिंह, प्रतीक सिंह आदि की मौजूदगी रही।

## राहुल गांधी पहुंचे जयपुर, 'नेतृत्व संगम ट्रेनिंग कैम्प' में होंगे शामिल



जयपुर । कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रविवार सुबह राजस्थान की राजधानी जयपुर पहुंचे। यहां वो 'नेतृत्व संगम ट्रेनिंग कैंप' में हिस्सा लेंगे। हवाई अड्डे पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने उनका स्वागत किया। जयपुर में कांग्रेस की तरफ से 'संगम नेतृत्व कैंप' का आयोजन किया जा रहा है। राहुल इस कार्यक्रम में छह घंटे तक रुकेंगे। इसके बाद वो खेड़ापति बालाजी जाएंगे। इस कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद वह शाम 5.25 बजे दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे। कांग्रेस का यह ट्रेनिंग कैंप हर साल होता है। राहुल गांधी 'नेतृत्व संगम कार्यक्रम' में कार्यकर्ताओं संग पार्टी की मौजूदा विचारधाराओं के संदर्भ में चर्चा परिचर्चा करेंगे। राजस्थान के कांग्रेस नेता इस ट्रेनिंग कैंप का हिस्सा नहीं बनेंगे। कैंप में विभिन्न प्रदेशों के डेलिगेट्स हिस्सा लेंगे। इस कार्यक्रम में शिरकत करने वाले कार्यकर्ताओं को मोबाइल फोन रखने की इजाजत नहीं दी गई है। कार्यकर्ताओं और नेताओं को पार्टी की विचारधारा के मुताबिक अपनी बात रखने को कहा जाता है और उनसे राय मांगी जाती है। इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से चरखा चलाने के अलावा कई तरह की अन्य गतिविधियां भी कराई जाती हैं। कांग्रेस ट्रेनिंग सेल कैंप का आयोजन करती है। दो साल पहले राजस्थान के माउंट आबू के स्वामी नारायण धर्मशाला में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। राहुल गांधी उस वक्त भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए थे। उस वक्त पार्टी के चुनिंदा नेताओं को ही इस कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए कहा गया था। 17 दिन पहले भी राहुल गांधी राजस्थान दौरे पर गए थे। उस वक्त अपनी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ हरियाणा के एक प्रमुख चाय व्यापारी अमित गोयल के बेटे की शादी में शामिल हुए थे। शादी में शामिल होने के बाद तुरंत बाद वो वापस लौट गए थे।

## बेईमानी से दिल्ली का चुनाव जीतने की कोशिश - अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को कहा कि दिल्ली में एक षड्यंत्र के तहत मतदाताओं वोट काटे गए हैं। दिल्ली में बीजेपी चोरी-छिपे चुन-चुनकर लोगों के वोट कटवा रही है। बेईमानी से दिल्ली चुनाव जीतने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि शाहदरा में एक ही इलाके के 300 से ज़्यादा लोगों के वोट काट दिए गए, जो 20-30 सालों से वहां रह रहे हैं। एक ही परिवार के तीन सदस्यों के नाम काट दिए गए, नाम काटने वाली लिस्ट पर मुहर और हस्ताक्षर बीजेपी के बीएलए के हैं। आखिर क्यों बीजेपी पूरी प्लानिंग से गरीब लोगों के वोट कटवा रही है। 20 साल से एक व्यक्ति उसी पते पर और उसी घर में रह रहा है, न उनकी मृत्यु हुई और न ही वो शिफ्ट हुए, फिर भी वोटर लिस्ट से नाम काट दिया गया। उन्होंने कहा कि किसी तरह ये पता चल जाए कि वोटर आम आदमी पार्टी का समर्थक है तो तुरंत नाम के आगे क्रॉस लगा देते हैं। शाहदरा विधानसभा क्षेत्र से करीब 11 हजार से अधिक वोटरों के नाम लिस्ट से हटाने के लिए भाजपा ने चुनाव आयोग में आवेदन किया है। पार्टी ने यह भी दावा किया कि ये लोग आम आदमी पार्टी के समर्थक हैं। केजरीवाल ने कहा कि बातचीत के दौरान लोग खुलेआम इस बात को स्वीकार कर रहे हैं कि उन्होंने अभी हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में वोट किया था। अब बिना कारण बताए उनका नाम वोटर लिस्ट से काट दिया गया।

आम आदमी पार्टी का कहना है कि शाहदरा विधानसभा में रहने वाले सुशील सहदेव बताते हैं कि उनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं है। उनका मतदाता सूची से नाम कट चुका है। यहीं रहने वाले एक अन्य व्यक्ति सुनील ने बताया कि वह 2003 से इसी पते पर हैं, लेकिन लिस्ट से नाम हटा दिया गया है। बीएलए ने जब जाना कि ये केजरीवाल को वोट देते हैं तो इनके नाम के आगे क्रॉस का निशान लगा दिया।

## बीएसएफ ने सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को किया सशक्त - शाह



जोधपुर । केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सुरक्षा परिदृश्य में बहुत बड़ा परिवर्तन आया है और इसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों का अह्म योगदान है और छह दशकों से साहस, शौर्य और बलिदान के बल पर ही बीएसफ ने देश की फर्स्ट लाइन ऑफ डिफेंस को मज़बूत कर सीमा पर आने वाली सभी चुनौतियों का मुकाबला कर देश की सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को सशक्त किया है। श्री शाह रविवार को जोधपुर में बीएसफ के 60वें स्थापना दिवस समारोह परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और अपने संबोधन में यह बात कही। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और बीएसएफ के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। श्री शाह ने कहा कि कहा कि एक दिसंबर 1965 से लेकर आज तक निरंतर देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमा को सुरक्षित रखने का बीएसएफ का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ के 1992 जवानों ने देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया है जिसके लिए देश की जनता सदैव उनकी ऋणी रहेगी। उन्होंने कहा कि छह दशकों से सीमा सुरक्षा बल ने हमारी सुरक्षा को चाक-चौबंद रखा है। देश की बढ़ती सुरक्षा ज़रूरतों को बीएसएफ के बिना पूरा करना असंभव है इसीलिए 25 बटालियन से शुरू हुआ ये बल आज 193 बटालियन तक पहुंच गया है। श्री शाह ने कहा कि 2 लाख 70 हज़ार जवानों की संख्या वाला ये विश्व का सबसे बड़ा सीमा रक्षक बल है। उन्होंने कहा कि बीएसएफ ने 2024 में भी जाली मुद्रा, नारकोटिक्स, घुसपैठ और वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ने का अपना रिकॉर्ड अनेक अभियानों के माध्यम से बरकरार रखा है। उन्होंने कहा कि देश की प्रथम रक्षा पंक्ति के रूप में 1992 सीमा प्रहरियों ने अपने प्राणों की आहुति दी है और अब तक उनमें से 1330 जवानों को पदक दिए गए हैं। इनमें 1 महावीर चक्र, 6 कीर्ति चक्र, 13 वीर चक्र, 13 शौर्य चक्र, 56 सेना मैडल और 1241 पुलिस पदक शामिल हैं। श्री शाह ने कहा कि कई साल तक सीमा सुरक्षा की हमारी नीति धुंधली सी थी। उन्होंने कहा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में सीमा प्रबंधन पर इंटीग्रेटेड अप्रोच के साथ एक सीमा एक बल की नीति को श्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद और ज़्यादा सुस्पष्ट किया गया है। श्री मोदी के कार्यकाल में सीमावर्ती क्षेत्रों में मज़बूत इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण, गांवों में कल्याणकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन और सीमा पर स्थित देश के प्रथम गांवों में रेल, रोड़, वाटर-वे और तकनीक की दृष्टि से अच्छी कनेक्टिविटी स्थापित करने का काम किया गया है। श्री शाह ने कहा कि लैंड पोर्ट के माध्यम से कानूनी व्यापार और लोगों के बीच संपर्क को भी आगे बढ़ाया है।

## भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए ज्ञानेंद्रियां खोलने की आवश्यकता- धनखड़






नई दिल्ली । उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि आधुनिक भारत का वास्तविक स्वरूप देखने के लिए कुछ लोगों को अपने ज्ञानेंद्रियां खोलने की आवश्यकता है। श्री धनखड़ ने हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया भर के निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भारत की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक आकलन कर रही है और इसे आकर्षक स्थान बता रही हैं। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उपस्थित रहे। उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने दस वर्ष में असाधारण समय देखा है। अकल्पनीय आर्थिक प्रगति और अविश्वसनीय संस्थागत ढाँचा भारत को मिल रहा है। भारत की आवाज बुलंदी पर है। उन्होंने कहा दुनिया की हम महाशक्ति तो हैं ही पर हमने एक रास्ता चुन लिया है, वह रास्ता चुन लिया है। वह वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाना का है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं है। विकसित भारत हमारे सामने का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को प्राप्ति में गीता का ज्ञान ध्यान रखना पड़ेगा। श्री धनखड़ ने कहा कि विदेशी मुद्रा भंडार 700 डालर तक पहुँच गया है। पिछले दो साल में जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की संख्या दो करोड़ से ज्यादा है। उन्होंने कहा,आज भी भारत में कुछ अज्ञानी हैं।

जिनको भारत के वास्तविक स्वरूप का नहीं पता है। उनको अपनी ज्ञानेंद्रियां खोलनी चाहिए, उनको देखना चाहिए कि आज का भारत वह भारत है जिसकी प्रशंसा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष जैसे संस्थान उसकी प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत में लगातार निवेश बढ़ रहा है और नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोबाइल टेक्नोलॉजी की सफलता से दुनिया दंग रह गई है। कहते थे भारत के अंदर लोग शिक्षित नहीं है। आज के दिन जो आदमी कम शिक्षित व्यक्ति मोबाइल का उपयोग शिक्षित से ज़्यादा करता है। और यही कारण है, कि यदि अगर पर वक्त के हिसाब से इंटरनेट का उपभोग देखें तो हम चीन और जापान से भी आगे हैं। आज के दिन, हमारा लेन देन, पारदर्शिता से हो रहा है, बिजली के बिल के लिए लाइन की दरकार नहीं है। उन्होंने कहा कि आज सार्थक संवाद की आवश्यकता है। मतभेद विवाद नहीं बनना चाहिए। मतभेद होंगे, लोगों का दिमाग अलग-अलग तरीके से चलेगा। उन्होंने कहा,मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे संसद सदस्य, हमारे विधानसभा के सदस्य, पंचायत और नगर पालिका में हमारे जनप्रतिनिधि और आपस में हर व्यक्ति, हर संस्था में यह ध्यान रखेगा संवाद सार्थक हो, संवाद का नतीजा व्यक्तिगत हित में नहीं है, समाज हित में होना चाहिए, देश हित में होना चाहिए। कोई भी हित समाज और राष्ट्रीय से बड़ा नहीं है और राष्ट्रीय ही सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि आज के दिन देश के सामने कुछ ऐसे संकट आ रहे हैं। कुछ ताकतें हैं देश में और विदेश में वे संगठित रूप से धन बल के आधार पर नैरेटिव बढ़ा कर यंत्र तंत्र का उपयोग कर भारत को चोट पहुंचाना चाहते हैं, हमारी अर्थव्यवस्था को चोट करना चाहते हैं, हमारी संस्थाओं को निष्क्रिय करना चाहते हैं। अब ऐसी ताकतों को नजरंदाज़ नहीं किया जा सकता।

## उत्तर प्रदेश में सरकार के प्रयासों से पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी

लखनऊ । योगी सरकार ने कृषि और पर्यावरण प्रबंधन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। योगी सरकार के प्रयासों का ही नतीजा है कि प्रदेश में पिछले सात वर्षों में लगातार पराली जलाने की घटनाओं में तेजी से गिरावट हो रही है। प्रदेश में वर्ष 2017 में जहां पराली जलाने के 8, 784 मामले दर्ज किए गए थे। वहीं, वर्ष 2023 में 3, 996 ही मामले सामने आए हैं। अगर पिछले सात वर्षों में नजर डालें तो पराली जलाने के 4, 788 मामलों में कमी दर्ज की गई है। योगी सरकार की नीतियों के जरिए प्रदेश के अन्नदाता पराली जलाने की जगह उससे अपनी आय बढ़ा रहे हैं। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हाल ही में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने पराली प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में हर वर्ष लगभग 2.096 करोड़ मीट्रिक टन पराली का उत्पादन होता है। इसमें से 34.44 लाख मीट्रिक टन चारा व 16.78 लाख मीट्रिक टन अन्य उपयोग में लाया जा रहा है। इसी तरह 1.58 करोड़ मीट्रिक टन पराली इन-सीटू एवं एक्स-सीटू मैनेजमेंट के जरिए निस्तारित किया जा रहा है। यही वजह है कि योगी सरकार द्वारा उठाए गए सटीक प्रबंधन की वजह से पराली जलाने की घटनाओं में बड़ी गिरावट आई है। इससे प्रदेश में प्रदूषण में भी कमी आई है। इससे न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंच रहा है बल्कि किसानों को उपज के अवशेषों के औद्योगिक और घरेलू उपयोग के माध्यम से आय के नए स्त्रोत उपलब्ध कराए जा रहे हैं। योगी सरकार द्वारा पराली के औद्योगिक उपयोग की पहल से धान के भूसे को औद्योगिक और घरेलू उत्पादों में उपयोग करने से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के कई अवसर सृजित हुए हैं। इसके अलावा जैविक खेती और एलसीवी (लीफ कम पोस्ट वेस्ट) के उपयोग को बढ़ावा देकर मिट्टी की उर्वरता में सुधार किया गया। इससे किसानों की आय में वृद्धि हुई और उन्हें नए बाजारों में प्रवेश करने का मौका मिला। वहीं, पराली जलाने की घटनाओं को नियंत्रित करने में कई जिलों ने अहम भूमिका निभाई है। इनमें सबसे कम घटनाएं महाराजगंज में 468, झांसी में 151, कुशीनगर में 118 और फतेहपुर में 111 दर्ज की गई। इन जिलों ने बेहतर प्रबंधन और जागरूकता अभियानों के माध्यम से शानदार प्रदर्शन किया है। उत्तर प्रदेश में साढ़े सात वर्ष पहले पराली जलाने की समस्या जो लंबे समय से पर्यावरण प्रदूषण का कारण बनी हुई थी, आज पूरी तरह से नियंत्रण में है। मुख्यमंत्री योगी सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन को बढ़ावा देने के प्रयासों से प्रदूषण के स्तर में कमी आई है।

## मोदी ने की पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को कार्डिनल बनाये जाने की सराहना



नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वेटिकन में भारतीय कैथोलिक पादरी जॉर्ज जैकब कूवाकड को कार्डिनल बनाये जाने की सराहना की है। श्री मोदी ने रविवार को इसे भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात बताते हुए जॉर्ज जैकब कूवाकड के भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। पादरी कूवाकड को वेटिकन में आयोजित एक समारोह में कार्डिनल की उपाधि प्रदान की गयी। प्रधानमंत्री ने कहा, भारत के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है! 'हिज होलीनेस' पोप फ्रांसिस द्वारा 'हिज एमिनेंस' जॉर्ज जैकब कूवाकड को पवित्र रोमन कैथोलिक चर्च का कार्डिनल बनाये जाने पर मुझे बहुत प्रसन्नता हुई है। उन्होंने प्रभु ईसा मसीह के एक उत्साही अनुयायी के रूप में मानवता की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। गौरतलब है कि भारत सरकार ने समारोह में हिस्सा लेने के लिए केंद्रीय मंत्री जॉर्ज कुरियन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल को वेटिकन भेजा है। समारोह से पहले भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। सेंट पीटर बैसिलिका में आयोजित समारोह में दुनिया भर के 20 अन्य पादरियों को शीर्ष कैथोलिक पादरियों की उपस्थिति में कार्डिनल बनाया गया। मौजूदा व्यवस्था में, पादरी कूवाकड छठे भारतीय कार्डिनल हैं। उनकी पदोन्नति से कैथोलिक चर्च के पदानुक्रम में भारतीय प्रतिनिधित्व को एक बड़ा बढ़ावा मिला है। इक्यावन वर्षीय कूवाकड कार्डिनल के पद पर सीधे पदोन्नत होने वाले भारत के पहले पादरी बन गये हैं। रिपोर्टों के अनुसार, इससे पहले, भारत के सभी अन्य कार्डिनल इस सम्मान को प्राप्त करने से पहले बिशप या आर्कबिशप के पद पर थे। वह चंगनाचेरी के सिरो-मालाबार कैथोलिक आर्चडायोसिस से जुड़े हुए हैं।

## संपादकीय

# आप भी जान लीजिए भगवान को नैवेद्य चढ़ाने के 12 खास नियम

देवताओं का नैवेद्य यानी देवी-देवताओं के निवेदन के लिए जिस भोज्य द्रव्य का प्रयोग किया जाता है, उसे नैवेद्य कहते है। उसे अन्य नाम जैसे भोग, प्रसाद, प्रसादी आदि भी कहा जाता है। यहां पाठकों के लिए प्रस्तुत है देवताओं को नैवेद्य अर्पित करने के कुछ नियम, जिन्हें अपना कर आप भगवान की कृपा प्राप्त कर सकते है। नैवेद्य चढ़ाने के नियम-देवता को निवेदित करना ही नैवेद्य है। सभी प्रकार के प्रसाद में निम्न पदार्थ प्रमुख रूप से रखे जाते हैं

-दूध-शकर, मिश्री, शकर-नारियल, गुड़-नारियल, फल, खीर, भोजन इत्यादि पदार्थ। -तैयार सभी व्यंजनों से थोड़ा-थोड़ा हिस्सा अग्निदेव को मंत्रोच्चार के साथ स्मरण कर समर्पित करें। अंत में देव आचमन के लिए मंत्रोच्चार से पुन: जल छिड़कें और हाथ जोड़कर नमन करें। -पीतल की थाली या केले के पत्ते पर ही नैवेद्य परोसा जाए। -प्रत्येक पकवान पर तुलसी का एक पत्ता रखा जाता है। -नैवेद्य की थाली तुरंत भगवान के आगे से हटाना नहीं चाहिए। -शिव जी के नैवेद्य में तुलसी की जगह बेल और गणेश जी के नैवेद्य में दूर्वा रखते हैं। -नैवेद्य देवता के दक्षिण भाग में रखना चाहिए। -कुछ ग्रंथों का मत है कि पक्व नैवेद्य देवता के बाईं तरफ तथा कच्चा दाहिनी तरफ रखना चाहिए। -भोग लगाने के लिए भोजन एवं जल पहले अग्नि के समक्ष रखें। फिर देवों का आह्वान करने के लिए जल छिड़कें। -नमक, मिर्च और तेल का प्रयोग नैवेद्य में नहीं किया जाता है। -नैवेद्य में नमक की जगह मिष्ठान्न रखे जाते हैं। -भोजन के अंत में भोग का यह अंश गाय, कुत्ते और कौए को दिया जाना चाहिए।

# कहीं आप किसी निर्दोष को सजा तो नहीं दे रहे हैं? ( प्रेरक कहानी )




एक बार की बात है, एक राज्य का एक राजा हुआ करता था, उसके पास एक सुन्दर सा तोता था। वह तोता बड़ा चतुर और बुद्धिमान था इस वजह से ही राजा उससे बहुत खुश रहता था। एक दिन तोता राजा से विनती करने लगा कि उसे अपने माता-पिता से मिलने जाना है। राजा ने तोते की बात मान ली और उससे कहा कि ठीक है पर तुम्हें पांच दिनों में वापस लौटना होगा। वह तोता खूशी-खूशी जंगल की ओर उड़ गया और अपने माता-पिता से मिलकर बहुत खुश हुआ। अब पांच दिन बीत चुके थे, अब उसे वापस राजा के पास लौटना था। उसने रास्ते में लौटते हुए सोचा कि क्यों न राजा के लिए एक सुन्दर सा उपहार लेकर जाया जाए। तोते को रास्ते में अमृत के फलों का एक पेड़ दिखा, तो उसने सोचा कि राजा के लिए इस पेड़ से अमृत का फल तोड लेता हूं। इसे खाने से राजा हमेशा जवान बने रहेंगे और वे कभी नहीं मरेंगे। ये पेड़ एक ऊंचे पर्वत पर था। तोता पर्वत पर पहुंचा और फल तोड़ लिया लेकिन इतना उंचा उड़ते हुए वह थक चुका था। उसने सोचा की रात को यही पेड़ के नीचे आराम कर लेता हूं और सुबह होते ही उड़कर राजा के महल पहुंच जाउगा। जब तोता रात को सो रहा था, तभी एक विषैले सांप ने फल को खाना शुरू कर दिया, इस वजह से वह फल जहरीला हो गया। तोता अगले दिन महल पहुंचा और राजा को फल खाने को दिया। तभी मंत्री ने कहा कि महाराज पहले इस फल को कुत्ते को खिलाएं। राजा ने फल का एक टुकड़ा कुत्ते को खिला दिया, जैसे ही कुत्ते ने फल खाया वह तड़प-तड़प कर मर गया। राजा बहुत क्रोधित हुआ और अपनी तलवार से तोते का सिर धड़ से अलग कर दिया। राजा ने वह फल बाहर फेंक दिया7 कुछ समय बाद उसी जगह पर एक पेड़ उगा। राजा ने पूरे राज्य में सख्त हिदायत दी कि कोई भी इस पेड़ का फल ना खाएं क्योंकि राजा को लगता था कि यह अमृत फल जहरीला हैं और तोते ने यही फल खिलाकर उसे मारने की कोशिश की थी। एक दिन एक बूढ़ा आदमी उस पेड़ के नीचे विश्राम कर रहा था। उस इस पेड़ की कहानी नहीं पता थी और उसने एक फल खा लिया। फल खाते ही वह जवान हो गया क्यूंकि उस वृक्ष पर उगे हुए फल जहरीले नहीं थे। जब इस बात का पता राजा को चला तो उसे बहुत ही पछतावा हुआ की उन्होंने एक निर्दोष को सजा दे दी। इस कहानी से हमें यह सीख मिलती है कि किसी भी अपराधी को सजा देने से पहले यह देख ले कि उसकी गलती है भी या नहीं, कहीं भूलवश आप किसी निर्दोष को तो सजा देने नहीं जा रहे हैं

# 09 दिसंबर 2024 का पंचांग

सूर्योदय- 07.01 प्रात-
सूर्यास्त- 05.37 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 1.04 दोपहर
चंद्र अस्त- 1.26 सायंकाल
चंद्रमा- प्रात- 09.14 उपरांत मीन राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-08 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-24 पक्ष- शुक्ल पक्ष-08 तिथि-अष्टमी प्रात- 08.03 तक बाद में नवमी प्रात- 06.02 तक बाद में दशमी, नक्षत्र- पूर्वाभाद्रपद दोपहर- 02.56 तक बाद में उत्तराभाद्रपद
योग-वज्र प्रात- 03.53 तक बाद में व्यतिपात,करण-बव प्रात- 08.03 तक बाद में बालव सायं- 07.05 तक बाद में कौलव प्रात- 06.02 तक बाद में तैतिल,राहु काल प्रात- 7.30 से 09.00 बजे तक, कुलीक काल दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक यमगंड प्रात- 10.30 से 12.00 बजे तक,अभिजीत मुहूर्त-प्रात- 11.58 से 12.40 तक दुमुहूर्त दोपहर- 12.40 से 01.22 व 02.47 से 03.30 तक अमृत काल- प्रात- 7.18 से 08.50 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.24 से 06.12 तक।

## आज 09 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष- मन किसी हालात के लिए पहले ही मजबूत कर ले, बेहतर सम्वाद और समबन्ध बनाने का प्रयास करे, भाई बहनो को कुछ मुश्किल आ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-50

वृषभ- जुड़ा धन अगर कहीं खर्च किया तो बहुत मुश्किल आ सकती है, पुनर्विवाह के बारे में विचार कर सकते है, सत्ता, किसी कार्य में वापसी कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-53

मिथुन- मन किसी कारण परेशान रह सकता है, किसी भी तरह के नशे से दूर रहे अन्यथा मुश्किल होगी, किसी कार्य को छोड़कर खाली हो सकते है।
भाग्य प्रतिशत-48

कर्क- नए व्यवसाय करने की ओर जा सकते है, टेक्नीकल कार्य में बहुत दिमाग ऊर्जा खर्च होगी, अविवाहित है तो विवाह का ज्यादा विचार ना करे।
भाग्य प्रतिशत-54

सिंह- डॉक्टर द्वारा कोई मेजर सर्जरी कराने की सलाह मिल सकती है, कैश की कमी भी अनुभव होगी, नौकरी छोडकर खुद के कार्य में उतर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-53

कन्या- भारी वजन के कारण मांसपेशियों में खिंचाव सम्भव है, छोटी मोटी सर्जरी का भी योग है, सम्पत्ति विवाद बढ़ने की आशंका है।
भाग्य प्रतिशत-47

तुला- कोई अच्छी नौकरी चाहेंगे लेकिन मौका नहीं मिल रहा है, ईश्वर के प्रति आसक्ति भी कम हो सकती है, प्रतियोगी परीक्षा में सफ़लता अटक सकती है।
भाग्य प्रतिशत-46

वृश्चिक- उतरना- चढ़ना सम्भल कर करें, ससुराल पक्ष के लोग नौकरी करने को कह सकते है,नए मित्र अवश्य बन सकते है।
भाग्य प्रतिशत-50

धनु- मनचाही इच्छा में बाधा आएगी, व्यवसाय में समस्या उत्पन्न हो सकती है, लीवर और पेट का ध्यान रखें, कठोर हृदय रखकर ही लाभ मिलेगा।
भाग्य प्रतिशत-50

मकर- अभी सभी रास्ते बंद से लगेंगे, मेहनत को बस बढ़ाते जाए, शरीर में एसिड,अपच बढ़ सकता है, दवाओं का सेवन बिना सलाह के ना करें।
भाग्य प्रतिशत-46

कुम्भ- नौकरी में ट्रांसफर सम्भव है, कोई केस चल रहा है तो मुश्किल बढेगी, स्वयं को अकेला, असहाय अनुभव कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-47

मीन- जल्दी ही कोई डॉक्टरी ईलाज लेना पड़ेगा, संबंधों के छूट जाने का दु:ख हो सकता है, कोई परीक्षा की तैयारी करे तो बहुत अधिक ध्यान दे।
भाग्य प्रतिशत-49

# 89 के हुए 'हीमैन' धर्मेंद्र, बेटे सनी देओल ने दी शुभकामनाएं



नई दिल्ली । हिन्दी सिनेमा में लंबा अर्सा गुजार चुके सुपरस्टार धर्मेंद्र आज अपना 89वां जन्मदिन मना रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम के जरिए सनी देओल ने अपने 'पापा जी' को शुभकामनाएं दी हैं। सनी देओल ने कुछ तस्वीरों के साथ पिता धर्मेंद्र को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी है। तस्वीरों की इस रील के बैकग्राउंड में हैप्पी बर्थडे धुन सुनाई दे रही है। कैप्शन में लिखा है हैप्पी बर्थडे पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। सनी के इस पोस्ट में कुछ फोटो उस दौरान की हैं जब सनी देओल बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले थे। सनी के पोस्ट पर फैंस की ओर से सुपरस्टार धर्मेंद्र को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी जा रही हैं। 89 के धर्मेंद्र इस उम्र में भी काफी सक्रिय हैं। अक्सर अपना रूटीन फैंस संग शेयर करते रहते हैं। कुछ दिन पहले ही विदेश में थे वहां से लौटे तो तुरंत अपडेट दिया कि वो लौट आए हैं। धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर करते हुए फैंस को यह जानकारी साझा की थी कि वह बहुत खुश हैं कि वह अपनी मातृभूमि लौट आए हैं। उनका एक और पोस्ट चर्चा के केंद्र में रहा था। उन्होंने अपने फैंस का शुक्रिया अदा करते हुए कहा था-मेरा नाम धर्मेंद्र मेरे पिता ने रखा था। लेकिन आप लोगों ने इतना प्यार दिया और मुझे हीमैन बना दिया। पंजाब के लुधियाना जिले के साहनेवाल में 8 दिसंबर को 1935 में धर्मेंद्र का जन्म हुआ था। यहां से उन्होंने मुंबई तक का सफर तय किया। आज भी कई मौकों पर जब पंजाब की बात आती है तो धर्मेंद्र भावुक हो जाते हैं। वह साहनेवाल से काफी प्यार करते हैं। एक चर्चा के दौरान उन्होंने बताया था कि उनके पिता ने एक नीम का पेड़ लगाया था। आज वह नीम का पेड़ काफी बड़ा हो चुका है। मैं जब भी उस नीम के पेड़ के पास जाता हूं तो मुझे यह अहसास होता है कि वह मुझसे कह रहे हैं मैं कहीं नहीं गया हूं मैं यहां हूं तेरे पास। फिल्म स्टार सलमान खान ने एक बार उनसे एक टीवी शो पर पूछा था कि आपका पंसदीदा एक्टर कौन है। धर्मेंद्र ने दिलीप कुमार का नाम लिया था। धर्मेंद्र ने कहा था कि हम भले ही दो मां की कोख से जन्मे हैं। लेकिन दिलीप साहब मेरे भाई हैं। दिलीप कुमार जैसा न कोई था और न कभी होगा। मैं आज जो भी हूं उन्हीं के वजह से हूं। उन्हें देखकर ही मैंने एक्टिंग में आने का मन बनाया था।

# हंसिका और सोहेल ने मनाई शादी की सालगिरह



मुंबई । अभिनेत्री हंसिका मोटवानी और उनके पति सोहेल कथूरिया अपनी शादी की दूसरी सालगिरह मनाई। हंसिका ने इस मौके पर सोशल मीडिया पर पति सोहेल के साथ प्यार भरी तस्वीरें शेयर कीं, जिससे उनके फैंस और साथी कलाकार भी उनकी खुशियों में शामिल हो गए। हंसिका ने इंस्टाग्राम पर सोहेल को सालगिरह की शुभकामनाएं देते हुए एक सुंदर तस्वीरों की सीरीज साझा की। तस्वीरों में दोनों को साथ में खास पल बिताते हुए देखा जा सकता है। एक तस्वीर में दोनों समंदर के किनारे खड़े नजर आ रहे हैं, जबकि दूसरी तस्वीर में वे एक-दूसरे के साथ लापरवाही से मुस्कुराते हुए दिख रहे हैं। हंसिका ने इन तस्वीरों को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 卐दूसरी सालगिरह मुबारक बेब, अभी बहुत कुछ बाकी है, आपको प्यार। हंसिका मोटवानी और सोहेल कथूरिया ने 4 दिसंबर 2022 को राजस्थान की राजधानी जयपुर के मुन्दोता फोर्ट में शाही अंदाज में शादी की थी। उनकी शादी पर एक डॉक्यूमेंट्री शो भी डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हुआ था, जिसका नाम 'लव, शादी, ड्रामा' था। इस डॉक्यूमेंट्री में हंसिका और सोहेल की प्रेम कहानी और शादी की तैयारी के काफ़ी दिलचस्प पहलुओं को दिखाया गया है। हंसिका और सोहेल की दोस्ती की शुरुआत 2006 में हुई थी, जब सोहेल, हंसिका की एक दोस्त के पति थे। दोनों एक डेस्टिनेशन वेडिंग में मिले थे, जिसमें हंसिका भी शामिल हुई थीं। हालांकि, इस दोस्ती के बाद कुछ लोग उन पर दोस्त का घर तोड़ने का आरोप भी लगा चुके थे, लेकिन दोनों ने अपनी जिंदगी के इस नए अध्याय को प्यार और समर्थन के साथ शुरू किया। हंसिका के करियर की बात करें तो उन्होंने बाल कलाकार के रूप में 'शाका लाका बूम बूम' से अभिनय की शुरुआत की थी। इसके बाद उन्होंने साउथ इंडस्ट्री के साथ ही बॉलीवुड में भी अपनी छाप छोड़ी। वह फिल्म 'कोई मिल गया' में ऋतिक रोशन और प्रीति जिंटा के साथ बाल कलाकार के रूप में नजर आई थीं। इसके अलावा हंसिका ने राजमहल, आपका सुरूर, जागो और हवा जैसी फिल्मों में भी अपनी अभिनय की छाप छोड़ी है।

# सरसों तेल-तिलहन, सोयाबीन तिलहन में गिरावट



नई दिल्ली । विदेशों के साथ साथ स्थानीय मांग कमजोर रहने की वजह से बीते सप्ताह देश के खाने के तेल-तिलहन बाजार में सरसों एवं सोयाबीन तिलहन के भाव में गिरावट दर्ज हुई। जबकि विदेशों में भाव सुधरने से सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ) एवं पामोलीन तेल तथा सस्ता होने के बीच जाड़े की मांग बढ़ने से मूंगफली तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि बीते सप्ताह मांग कमजोर रहने के बीच सरसों तेल-तिलहन कीमतों में गिरावट आई। कीमत की इस गिरावट की वजह से मंडियों में सरसों की आवक भी घटी है जो पहले के लगभग दो लाख बोरी से घटकर 1.40-1.45 लाख बोरी रह गई। जबकि देश में सरसों की रोजाना मांग 3.5-4 लाख बोरी की है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 50 रुपये की गिरावट के साथ 6,575-6,625 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों दादरी तेल का थोक भाव 75 रुपये की गिरावट के साथ 13,725 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमश: 10-10 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश: 2,275-2,375 रुपये और 2,275-2,400 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमश: 200-200 रुपये की गिरावट के साथ क्रमश: 4,300-4,350 रुपये और 4,000-4,035 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दूसरी ओर सोयाबीन दिल्ली और सोयाबीन इंदौर के दाम क्रमश: 10 रुपये, 25 रुपये के मामूली सुधार के साथ क्रमश: 13,885 रुपये और 13,850 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। सोयाबीन डीगम तेल का भाव 9,885 रुपये क्विंटल पर अपरिवर्तित बने रहे। समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों में पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार देखने को मिली। मूंगफली तिलहन का भाव 150 रुपये सुधरकर 6,250-6,625 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ वहीं मूंगफली तेल गुजरात 400 रुपये की तेजी के साथ 14,500 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव 55 रुपये की तेजी दर्शाता 2,185-2,485 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। मलेशिया में मजबूत होते दाम की वजह से कच्चे पाम तेल (सीपीओ) का दाम 400 रुपये सुधरकर 13,400 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन दिल्ली का भाव 350 रुपये के सुधार के साथ 14,750 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव 300 रुपये के सुधार के साथ 13,700 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पामोलीन से सस्ता होने के बीच मांग बढ़ने के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में बिनौला तेल भी 50 रुपये के सुधार के साथ 12,750 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 122 रन से हराकर महिला वनडे श्रृंखला पर किया कब्जा

ब्रिसबेन । जॉर्जिया वोल और एलिसे पैरी के शतकों की मदद से आस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरे महिला एकदिवसीय मैच में भारत को 122 रन से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। अपना दूसरा एकदिवसीय खेल रही युवा बल्लेबाज वोल महज 87 गेंद में 101 रन की पारी के साथ करियर का पहला शतक जड़ने में सफल रही जबकि पैरी ने 75 गेंद में छह छक्के और सात चौकों की मदद से 105 रन बनाकर भारतीय गेंदबाजों पर दबदबा कायम किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी का फैसला कर आठ विकेट पर 371 रन बनाने के बाद भारत की पारी को 45.5 ओवर में 249 रन पर समेट दिया। फोबे लिचफील्ड (60) और वोल की सलामी जोड़ी ने 130 रन की साझेदारी के साथ ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलायी। वोल ने इसके बाद दूसरे विकेट के लिए पैरी के साथ 92 रनों की साझेदारी की। वोल के आउट होने के बाद पैरी ने आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और बेथ मूनी (56) के साथ मिलकर 98 रनों की साझेदारी कर भारतीय गेंदबाजों को वापसी का मौका नहीं दिया।। भारतीय गेंदबाजों में साइमा ठाकोर सबसे सफल रही। उन्होंने 62 रन देकर तीन विकेट लिये। मिन्नू मनी ने 71 रन देकर दो विकेट जबकि रेणुका सिंह (78 रन पर एक विकेट), दीप्ति शर्मा (59 रन पर एक विकेट), और प्रिया मिश्रा (88 रन पर एक विकट) को एक-एक सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम मैच में कभी मजबूत स्थिति मे नहीं दिखी। पारी का आगाज करने उतरी रिचा घोष ने 72 गेंद में 54 रन बनाये लेकिन जेमिमा रौड्रिग्स (43) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (38) अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। मिन्नू मनी ने आखिरी ओवरों में 45 गेंद में नाबाद 46 रन बनाये लेकिन उनका यह योगदान टीम की हार के अंतर को ही कम कर पाया। ऑस्ट्रेलिया के लिए अनाबेल सदरलैंड ने 8.5 ओवरों में 38 रन देकर चार विकेट लिये। ऑस्ट्रेलिया ने पहला मैच पांच विकेट से जीता था। श्रृंखला आखिरी मुकाबला बुधवार को वाका मैदान पर खेला जायेगा।

# 'कूल सास' शर्मिला टैगोर को बहू करीना ने दी जन्मदिन की बधाई



मुंबई । हिंदी सिनेमा की बड़ी अदाकारा शर्मिला टैगोर रविवार को अपना 80वां जन्मदिन मना रहीं। दिग्गज अभिनेत्री को सोशल मीडिया पर फिल्म जगत के तमाम सितारों के साथ प्रशंसकों ने भी बधाई दी। शर्मिला को उनकी बहू और अभिनेत्री करीना कपूर खान ने 'कूल' अंदाज में बधाई दी। सास-बहू और पोते के अनूठे पलों को दिखाती तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर करीना ने यूजर्स से एक सवाल पूछा है। लिखा है, बताएं अब तक का सबसे कूल गैंगस्टा (गैंग का सबसे कूल सदस्य) कौन है? क्या मुझे बताने की जरूरत है? मेरी सास को जन्मदिन की शुभकामनाएं। करीना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर तीन तस्वीरें शेयर की। जिसमें से एक में अभिनेत्री सास के साथ मुस्कुराती दिख रही हैं। रैंडम क्लिक है जिसमें दोनों साथ में बैठी हैं। शर्मिला ने बालों में हेयर रोलर लगा रखा है। दूसरी शर्मिला की सोलो क्लिक है। उन्होंने पिंक गाउन पहना है। तीसरी तस्वीर में शर्मिला पोते जेह के साथ कैद हुई हैं। करीना की पोस्ट पर ननद सबा पटौदी ने कमेंट किया। उन्होंने लिखा, आपको जन्मदिन की बधाई मां। दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर ने 1964 में 'कश्मीर की कली' फिल्म से डेब्यू किया था। शक्ति सामंत द्वारा निर्मित और निर्देशित फिल्म में शर्मिला के साथ मुख्य भूमिका में शम्मी कपूर, प्राण, मदन पुरी जैसे सितारे थे। 'कश्मीर की कली' के बाद अभिनेत्री 'गुलमोहर', 'एकलव्य', 'रानी सुहासिनी', 'फूल एन फाइनल', 'शुभ मुहूर्त', 'धड़कन', 'मन आशिक आवारा', 'हम तो चले परदेस', 'न्यू देहली टाइम्स' , 'एक से बढ़कर एक', 'अमानुष', 'अनाड़ी', 'गृह प्रवेश', 'त्याग', 'एक महल हो सपनों का', 'चुपके चुपके', 'पाप और पुण्य','अमर प्रेम', 'छोटी बहू', 'सुहाना सफर', 'आराधना', 'सत्यकाम', 'अनुपमा' जैसी सफल फिल्मों में काम किया। शर्मिला उस दौर की बोल्ड एक्ट्रेस मानी जाती थीं। 'एन इवनिंग इन पेरिस' फिल्म में स्विमसूट में दिखी थीं। इतना ही नहीं फिल्मफेयर मैगजीन के अगस्त 1966 अंक के लिए उन्होंने टू पीस बिकिनी पहनी थी। जिसे लेकर संसद तक में हंगामा मच गया था।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 10 विकेट से हराया, श्रृंखला 1-1 से बराबर ( अपडेट )



एडिलेड । ऑस्ट्रेलिया ने गुलाबी गेंद टेस्ट में अपना दबदबा जारी रखते हुए रविवार को भारत पर 10 विकेट की शानदार जीत दर्ज के साथ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने महज सात सत्र के अंदर जीत दर्ज की जो गेंदों के हिसाब से भारत के खिलाफ उसका सबसे छोटा टेस्ट मैच है। इस जीत से ऑस्ट्रेलिया ने दिन-रात्रि टेस्ट में अपना दबदबा कायम रखा। भारत ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 128 रन से करते हुए पहले ओवर में ही ऋषभ पंत (28) का विकेट गंवा दिया। नीतीश कुमार रेड्डी (42) के पहली पारी की तरह दूसरी पारी में शानदार जज्बा दिखकर टीम का स्कोर 175 रन पहुंचा। उनकी बल्लेबाजी से भारत पारी की हार टालने में सफल रहा। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद जीत के लिए 19 रन के लक्ष्य को हासिल करने की औपचारिकता सिर्फ 3.2 ओवर में पूरी कर यादगार जीत दर्ज की। भारत की दूसरी पारी केवल 36.5 ओवर तक चली। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान कप्तान पैट कमिंस ने शॉर्ट बॉल का प्रभावी ढंग से उपयोग करते हुए 57 रन देकर पांच विकेट लिए। स्कॉट बोलैंड (51 रन पर तीन विकेट) ने पारी की शुरुआती में विकेट झटके जबकि मिशेल स्टार्क (60 रन पर दो विकेट) ने महत्वपूर्ण विकेट चटकाये। ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख तेज गेंदबाजों का दबदबा ऐसा था कि कमिंस को दूसरी पारी में मिशेल मार्श और नाथन लियोन की भी जरूरत नहीं पड़ी। टीम के विशेषज्ञ स्पिनर और हरफनमौला ने पूरे मैच में केवल पांच ओवर फेंके। पर्थ में 295 रन की आसान जीत के बाद भारतीय बल्लेबाजी इकाई इस मैच की दोनों पारियों को मिलाकर कुल 81 ओवर भी नहीं खेल पायी। टेस्ट मैच में एक दिन में आधिकारिक तौर पर 90 ओवर गेंदबाजी करने का प्रावधान है। ऐसे में भारत अपनी दोनों पारी को मिलाकर एक दिन भी नहीं टिक पाया। भारत को इस मैच की दोनों पारियों में सबसे ज्यादा निराशा अनुभवी विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा की बल्लेबाजी से हुई। यह दोनों बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों का सामना करने में विफल रहे। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ने पूरा प्रयास किया लेकिन उन्हें दूसरे छोर से अच्छा साथ नहीं मिला। दिन के पहले ओवर में भी गुलाबी गेंद के बेताज बादशाह माने जाने वाले स्टार्क ने ऑफ स्टंप की बाहर वाली गेंद पर पंत को चकमा दिया और गेंद उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर दूसरे स्लिप में खड़े स्टीव स्मिथ के हाथों में चली गयी। स्टार्क के नाम दिन-रात्रि टेस्ट में सबसे ज्यादा 74 विकेट हैं। रेड्डी ने एक बार फिर तकनीक और आक्रमण का अच्छा मिश्रण दिखाया। पंत के आउट होने के बाद उन्होंने कुछ बड़े शॉट खेलकर टीम को पारी की हार से बचा लिया। शुरुआती दो टेस्ट मैच में रेड्डी भारत के सबसे अच्छे बल्लेबाजों में से एक के तौर पर उभरे हैं। वह करियर की शुरुआती चार पारियों में अच्छी शुरुआत को अर्धशतक में बदलने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने 41, 37 नाबाद, 42 और 42 रन स्कोर के साथ प्रभावित किया। वह अगर गेंदबाजी में थोड़ी गति हासिल कर सुधार कर सकें तो टीम के लिए तेज गेंदबाजी हरफमौला की कमी को पूरा कर सकते हैं। रविचंद्रन अश्विन ने कमिंस की बाउंसर पर एक ही गलती लगातार तीन बार दोहराई। शुरुआती दो बार वह बच गए लेकिन तीसरी बार गेंद उनके ग्लव्स को छूकर विकेटकीपर के दस्ताने में चली गयी। मिंस ने एक और शॉट गेंद पर हर्षित राणा को खाता खोले बगैर चलता किया। स्टार्क ने इसके बाद रेड्डी तो वही बोलैंड ने मोहम्मद सिराज को आउट कर भारतीय पारी को खत्म किया।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

## रतन प्रकाश ऑर्थोपेडिक क्लिनिक & आई केयर सेंटर हुआ शुभारंभ



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। बुलंदशहर में डीएम रोड स्थित रतन प्रकाश ऑर्थोपेडिक क्लिनिक & आई केयर सेंटर को सफलतापूर्वक 4 साल हुए पूरे, छह दिसंबर को हॉस्पिटल ने मनी चौथी वर्षगांठ ।1. साल 2020 में हुई थी हॉस्पिटल की स्थापना, 5वें वर्ष में प्रवेश करने पर शहर के गणमान्य लोगों, डॉक्टरों, नेताओं और अधिकारियों ने हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ अशोक शर्मा, डॉ गीता शर्मा, डॉ अनुभव शर्मा और डॉ श्वेता द्विवेदी शर्मा को दी बधाई ।2. डॉ अशोक शर्मा और डॉ गीता शर्मा के पुत्र डॉ अनुभव शर्मा और पुत्रवधू डॉ श्वेता द्विवेदी शर्मा द्वारा यह अस्पताल दिसम्बर 2020 में शुरू हुआ डॉ अशोक शर्मा जी ने अपने पिताजी के नाम रतन प्रकाश शर्मा के नाम पर अस्पताल का नाम रखा 10 बेड के अस्पताल से शुरू करके आज यह अस्पताल 30 बेड तक बढ़ा दिया गया है। 200 से ज्यादा कूल्हे और घुटने के ऑपरेशन हो चुके है डॉ अनुभवएचए बुलंदशहर का पहला स्टेनलेस स्टील ka मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर आंखो की सर्वोत्तम मचीने आंखो के 5000 से ज्यादा फेको द्वारा ऑपरेशन आईसीयु की सुविधा उपलब्ध है

## भारत का अग्रणी ब्रांड आनंदा को इंटर डेरी अवार्ड से सम्मानित किया गया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। भारतीय डेरी क्षेत्र में अपनी अनूठी पहचान बना चुका आनंदा को हाल ही में इंडियन डेरी एसोसिएशन द्वारा आयोजित इंटर डेरी अवार्ड से प्रमुख पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान आनंदा को डेरी उद्योग में उसके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया है। इंडियन डेरी एसोसिएशन मुंबई में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी में भारत के विभिन्न हिस्सों से आए डेरी क्षेत्र के प्रमुख कंपनियों ने भाग लिया है ।आनंदा को यह पुरस्कार उसकी बेहतर




प्रोसेसिंग तकनीकी को अमल मे लाने के लिए दिया गया। आनंदा के चेयरमैन डॉ. राधेश्याम दीक्षित ने इस अवसर पर कहा कि, यह पुरस्कार आनंदा के लिए बड़े गौरव की बात है। हम हमेशा अपने उपभोक्ताओं को स्वास्थ्यवर्धक और उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आगे भी हम नए उत्पादों के आरएनडी और विकास में लगातार जुटे रहेंगे। आनंदा का मानना है कि गुणवत्ता ही उनकी पहचान है। आनंदा उत्तर प्रदेश के 6000 गांवों से 3 लाख किसानों से उत्तर प्रदेश में स्थापित अपने अवसीतन केंद्र के द्वारा 10 लाख लीटर दूध प्रिक्योर करता है । और आनंदा 10 लाख लीटर दूध को उत्तरप्रदेश के जिला हापुड़, बुलन्दशहर, अमरोहा, रायबरेली, सोनभद्र में स्थापित अपने प्रोसेसिंग प्लांटों के द्वारा उच्च गुणवत्ता के मिल्क उत्पाद 40 क्वालिटी पैरामीटर चेक कर उपभोक्ताओं तक पहुँचाता है। इसके साथ ही, आनंदा हर उत्पाद की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देता है, जिससे उपभोक्ताओं को शुद्ध और उच्च गुणवत्ता वाला मिल्क उत्पाद मिल सके। आनंदा का यह अवार्ड डेरी उद्योग में उसकी मेहनत और उत्कृष्टता का प्रतीक है।

## युवा समाज सेवी इंद्रजीत फरीदा ने क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर किया शुभारंभ

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



बुलंदशहर। ऊंचागांव। क्षेत्र के कस्बा दौलतपुर कलां में रविवार को क्षेत्र के होनहार युवा समाज सेवी इंद्रजीत फरीदा ने क्रिकेट टूर्नामेंट का फीता काटकर शुभारंभ किया। और क्षेत्र से आने वाली टीमों को अच्छे प्रदर्शन करने की शुभकामनाएं दी। और इंद्रजीत फरीदा ने कहा कि इस टूर्नामेंट होने से क्षेत्र के युवाओं में दिलचस्पी बढ़ेगी और खेल के क्षेत्र में एक से बढ़कर एक चेहरा सामने आयेगा जो आगे चलकर अपना नाम रोशन करेगा। साथ ही साथ कहा कि हमारे क्षेत्र के सभी प्राथमिक विद्यालयों से लेकर इण्टर कालेजों के प्रबंधन कमेटियों को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए जिससे बच्चों के अंदर विभिन्न खेलों के प्रति रुचि बढ़ सके और बच्चे अपने स्कूल कालेजों एवं अपना नाम रोशन कर सकें। युवा समाज सेवी इंद्रजीत फरीदा ने कहा कि ऊंचागांव ब्लॉक क्षेत्र में खेल संबंधित कोई स्टेडियम नहीं है जिस कारण से क्षेत्र में किसी भी स्कूल कॉलेज से अर्थात गांव में रहने वाले होनहार क्रिकेट व अन्य खेलों के सितारे चमक नहीं पाते हैं उन्हें कोई भी खेल खेलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती जिस कारण से उनका मनोबल टूट जाता है और आगे हुनर दिखाने का मौका नहीं मिल पाता है। इस अवसर पर मोहम्मद सोनू भड़काऊ, डॉक्टर ताहिर सैफी, उस्मान, राहुल उर्फ केडी, कमेटी अध्यक्ष फैजल अंसारी, नरेन्द्र सैनी, रिजवान, प्रदीप चौहान, राशिद अंसारी कृष्ण कुमार, आदि लोग मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हो रहा है हिंदुओं पर अत्याचार

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। में बांग्लादेश में हिन्दू समाज व मंदिरों पर हो रहे हमले के खिलाफ हिन्दू समाज के आह्वान पर रविवार को आक्रोश रैली निकाली गई। हिंदू समाज के द्वारा शहर में रैली निकाल कर बांगलादेश की सरकार, सेना व पुलिस के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।

बांग्लादेश में हिन्दू समाज पर हो रहे बर्बर अत्याचार, हत्या, बलात्कार, धर्म परिवर्तन व हिन्दू मंदिरों के तोड़ने व हिन्दू आस्था पर कुठाराघात करने के विरोध में बांग्लादेश सरकार, सेना पुलिस अत्याचार व कट्टरपंथियों द्वारा की जा रही अमानवीयता से नाराज लोगों ने ये रैली निकाली। राजे बाबू पार्क में आक्रोश रैली शुरू हुई। यह अलग-अलग रास्तों से होते हुए





जिला कलेक्ट्रेट तक पहुंचेगी। जहां सांकेतिक धरना प्रदर्शन करने के बाद बांग्लादेश सरकार व कटरपंथियों के विरोध में प्रदर्शन कर हिन्दू समाज के द्वारा सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा। रविवार को सर्व हिन्दू समाज द्वारा बांग्लादेश मे हिन्दूओं पर हो रहे भीषण नरसंहार, अत्याचार, प्रताड़ना के विरोध में धरना प्रदर्शन राजे बाबू पार्क, काला आम पर हुआ। काला आम चौराहा पर विराट धरना प्रदर्शन के दृष्टिगत प्रात: 8 बजे से धरना प्रदर्शन की समाप्ति तक की अवधि के लिए यातायात व्यवस्था बनाये रखने व जाम रहित संचालन हेतु समस्त प्रकार के भारी, मध्यम एवं हल्के वाहनों का काला आम चौराहा पर आना पूर्णत: प्रतिबन्धित किया गया।

## उखड़ गई सड़क, झाड़ू से डल रहा पर्दा



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। ऊंचागांव । विकासखंड क्षेत्र के नरसेना से बरवाला महमदपुर गांव को जोड़ने वाली करीब दो किलोमीटर लंबी नवनिर्मित सड़क लाखो रुपये की लागत से बनाई गई थी। गुणवत्ता का हाल ये है कि एक तरफ सड़क बन गयी है तो दूसरी तरफ से गिट्टियां उखड़ती जा रही हैं। लापरवाही छिपाने के लिए जिम्मेदार सड़क पर झाड़ू लगवा रहे हैं। रविवार को सड़क पर कुछ कर्मचारी झाड़ू लगाकर उखड़ी हुई सड़क पर पर्दा डाल रहे, वहां से गुजर रहे मदन सिंह, टेकचन्द, विनोद गुप्ता आदि लोगों ने बताया कि यह रास्ता वर्षों से बदहाल पड़ा था। इसके बाद नरसेना से बरवाला महमदपुर गांव तक करीब दो किलोमीटर सड़क की बनवा दी गई थी। ऐसा लगा कि अब गांव तक सफर आसान हो जाएगा, लेकिन विभाग के जिम्मेदारों की मनमानी देख वह मायूस हो गए हैं। क्योंकि एक तरफ सड़क बनकर तैयार हो गई थी, तो पीछे से सड़क की गिट्टियां उखड़ती जा रही हैं। सड़क के नाम पर गिट्टी और पीच का हल्का मिश्रण कर उसे समतल करने का प्रयास किया जा रहा है। लोगों ने आरोप लगाया कि विभाग की ओर से सड़क के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। इस संबंध में संबंधित अधिकारी को फोन द्वारा संपर्क किया गया। लेकिन वह फोन उठाने में असमर्थ रहे।

## पवन कुटीर मैरिज होम में विधायक का जन्मदिन धूमधाम से मनाया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। में पवन कुटीर मैरिज होम सिकंदराबाद में विधायक सिकंदराबाद लक्ष्मीराज सिंह का जन्मदिन कार्यकर्ताओं ने बड़े धूमधाम से मनाया कार्यकर्ताओं ने फूलमाला और ढोल नगाड़े आतिशबाजी के साथ स्वागत कर केक काटकर माननीय विधायक लक्ष्मीराज सिंह जी को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर चंद्रमोहन सिंह प्रदेश मंत्री भाजपा श्रीमती अतुल तेवतिया जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अनिल शर्मा विधायक शिकारपुर श्रीमती मीनाक्षी सिंह विधायक खुर्जा श्री चंद्रपाल सिंह लोधी विधायक डिबाई श्री डीके शर्मा चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक श्री अनिल सिसोदिया पूर्व जिला अध्यक्ष श्री संजय गुर्जर जिला महामंत्री भाजपा श्री विजेंद्र खटीक पूर्व विधायक खुर्जा जिला महामंत्री संजय चौधरी जी श्रीमती ऊषा बंसल जिला उपाध्यक्ष श्री अरविंद दीक्षित जिला मंत्री श्री प्रदीप दीक्षित अध्यक्ष नगर पालिका सिकंदराबाद श्री शैलेश तेवतिया अध्यक्ष नगर पालिका गुलावठी श्री मोहित सिंगल अध्यक्ष नगर पंचायत ककोड मंडलों के अध्यक्ष जिले के पदाधिकारी गण एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र से आए वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोगों द्वारा मा विधायक लक्ष्मीराज सिंह जी को जन्मदिन के अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी।

# मासूम छात्रा को वहशी ने बनाया हवस का शिकार, बनाई उसकी अश्लील वीडियो रिपोर्ट दर्ज

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। थाना नरसेना क्षेत्र के एक गांव में घर से खेत पर शौच के लिए गई कक्षा छह की छात्रा को गांव के ही दो युवक जबरन एक खेत में ले गए। जहां एक आरोपी ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया जबकि दूसरे आरोपी युवक ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली। आरोपियों ने शिकायत करने पर वीडियो को वायरल करने की धमकी दी है। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है। प्राप्त विवरणनुसार थाना नरसेना क्षेत्र



के एक गांव निवासी वृद्ध ने शनिवार को थाने पर तहरीर देकर बताया कि उनकी 12 वर्षीय पोती गांव के निकट ही एक स्कूल में कक्षा 6 की छात्रा है। उनकी नाबालिग पोती घर से खेत पर शौच करने के लिए गई थी। वहां से लौटते समय रास्ते में गांव निवासी दो युवकों ने उसको पकड़ कर गन्ने के खेत में खींच लिया। जहां उनमें से एक आरोपी ने छात्रा के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया और उसी दौरान उसके साथी ने घटना की अश्लील वीडियो बना ली। आरोपियों ने इस दौरान उसे धमकी दी कि यदि उसने किसी से शिकायत की तो वह उसकी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे। इसके बाद पीड़ित छात्रा उनके चुंगल से छूटकर डरी सहमी घर पहुंची। घटना की जानकारी उसने अपने परिजनों को दी। परिजनों ने तत्काल डायल 112 पर पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और छात्रा के दादा की तहरीर पर आरोपी कलुआ उर्फ सचिन व उसके एक अज्ञात साथी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं सीओ0स्याना दिलीप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। साथ ही पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। जांच कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## हार्ट अटैक से पत्रकार के छोटे भाई की पत्नी का हुआ निधन



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। रामघाट पत्रकार के छोटे भाई की पत्नी की हार्ट अटैक से इलाज के दौरान मृत्यु हो गई परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। आपको बतादें थाना रामघाट क्षेत्र के ग्राम जरगवां के पत्रकार जेपी गौतम के छोटे भाई किशन कुमार की पत्नी 39 वर्षीय विशन देवी को 2 दिसंबर को हार्ट अटैक पड़ गया था जिनको आनन फानन दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया जिनका इलाज के चलते अचानक बीपी बहुत कम होने पर मृत्यु हो गई जिनका अंतिम दाह संस्कार रविवार को गमगीन माहौल में गंगा घाट रामघाट पर किया गया। जो दो बेटे अंकित कुमार गौरव कुमार तथा दो बेटी नंदनी तथा गुनगुन को छोड़ गई है जिससे परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। अंतिम शव यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों का गंगा घाट पर तांता लग गया था। उधर शव यात्रा में पत्रकार डीके निगम सतीश कुमार भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव मुकेश बाबू हरि बाबू विमल सुभाष नरेंद्र राघव विजय सिंह मदन लाल भीमसैन गौतम पवन कुमार राधाचरन चरण सिंह डॉ धर्मेंद्र लोधी हरिशंकर आदि लोग शामिल रहे।

## आवारा पशुओं का आतंक



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । अहार थाना क्षेत्र के मौहरसा गांव में आवारा पशुओं ने एक रात में लगभग बीस बीघा फसल को नष्ट कर दिया। जिसमे गेहूं, सरसों और गन्ने की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। जिससे किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। किसानों ने आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है। अनूपशहर तहसील क्षेत्र के गांव मौहरसा, दरावर,बामनपुर,अहार आदि गांव में आवारा पशुओं का आतंक है। बड़ी संख्या में आवारा पशुओं का झुंड किसानों के खेतों में खड़ी फसलों को उजाड़ रहे हैं। किसानों को फसल बचाने के लिए दिन रात खेतों में पहरा देना पड़ रहा है। कटीले तार,करंट वाले तार लगाने के बावजूद भी फसल बचानी भारी पड़ रही है। रात्रि में सैकड़ों पशु अहार के जंगलों से निकलकर किसानों के खेतों में पहुंचकर उत्पात मचाते हैं, ओर दिन के समय में फिर से जंगलों में लौट जाते हैं। शुक्रवार की रात्रि में गांव मौहरसा निवासी ताहिर खां,आरिफ खां,बाली सिंह,सुरेश,अलीजान, इमरान के खेतों में खड़ी गेहूं, गन्ना,सरसों,आलू की फसल में आवारा पशुओं ने फसल उजाड़ कर रख दी। सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गये। किसानों का कहना है कि फसलें पूरी तरह से नष्ट हो गयी है। उक्त किसानों ने प्रशासन से आवारा पशुओं को शीघ्र पकड़वाने की मांग की है। जिससे उनकी और फसलों को हानि से बचाया जा सके।

## ट्यूशन पढ़ने गई छात्रा लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। नगर निवासी एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा स्कूल और ट्यूशन जाने के बाद घर पर वापिस नहीं लौटी। उसके पिता और परिवार ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। परेशान पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्राप्त विवरणनुसार नगर निवासी एक नाबालिग छात्रा अचानक लापता हो गई। वह स्कूल गई थी तथा स्कूल के बाद ट्यूशन जाती थी। परंतु ट्यूशन पढ़कर वह घर नहीं लौटी। बेटी के घर न पहुंचने से परेशान पिता व अन्य परिजनों ने छात्रा को बहुत खोजा लेकिन छात्रा का कहीं पता न चल पाया जिससे परेशान पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा अपनी बेटी की बरामदगी की पुलिस से गुहार लगाई है। पिता के अनुसार उसकी 14 वर्षीय बेटी 3 दिसंबर को स्कूल गई थी तथा स्कूल के रोजाना ट्यूशन जाती थी। लेकिन ट्यूशन पढ़ने के बाद वह घर नहीं लौटी। जब बेटी समय पर घर नहीं पहुंची तो छात्रा की मां ने पिता को फोन कर इसकी जानकारी दी। पिता तुरंत ही छात्रा को ढूंढने में जुट गए लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। छात्रा के घर न लौटने से परिजन बेहद परेशान है।

# हैवान फूफा ने दो वर्षीय मासूम बच्ची को बनाया अपनी हवस का शिकार

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । शराब के नशे में फूफा ने दो वर्षीय बच्ची से किया दुष्कर्म घर के बाहर खेल रही मासूम को उठा ले गया दरिंदा जिले के जहांगीरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती शाम सगे फूफा ने दो वर्षीय मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी गांव के बाहर शराब पीने चला गया और वापस नहीं लौटा। वहीं पीड़ित परिवार ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी0के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी और देर रात को मुठभेड़ में उसको गिरफ्तार कर लिया। जहांगीरपुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी मजदूर ने बताया कि मूल रूप से पलवल निवासी उसका बहनोई कल्लू कभी-कभी उनके घर



पर रहने आ जाता था। बहन से बहनोई का काफी समय से विवाद चल रहा है। शनिवार दोपहर को बहनोई घर पर आया था और शराब के नशे में सबसे झगड़ने लगा। उन्होंने उसको घर से बाहर जाने के लिए बोल दिया। तभी वह घर के बाहर खेल रही पीड़ित की दो वर्षीय से बेटी को अपने साथ बाइक पर घुमाने के लिए ले गया। घर के लोगों को इसकी कोई जानकारी नहीं मिल पाई। कुछ देर बाद बच्ची को घर के बाहर से गायब देखा तो परिवार के लोगों ने तलाश शुरू कर दी। शाम करीब पांच बजे खेत पर पशु चराने के लिए ले गए पालकों ने जानकारी दी कि एक बच्ची ईख के खेत में बेसुध अवस्था में मिली। पीड़ित परिवार बच्ची को घर लेकर आ गए तब बच्ची ने रोते हुए आपबीती बताई लेकिन वह आरोपी की पहचान नहीं बता सकी। इसके बाद परिवार ने पुलिस को सूचना दी। सीओ0खुर्जा विकास प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर बच्ची का मेडिकल कराया गया। इसके बाद गांव के सीसीटीवी0फुटेज खंगाले गए। इसमें देखा गया बच्ची का फूफा उसको खेत की ओर लेकर जा रहा है और वहां से केवल अकेला आ रहा है। इसी के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। शनिवार की देर रात को पुलिस टीम पारौरी नहर पर चेकिंग कर रही थी। तभी बाइक सवार एक संदिग्ध को आते देखा। आरोपी को रोकने का इशारा किया तो वह भागने लगा और उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। पुलिस से घिरता देख आरोपी ने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। वहीं बचाव के लिए पुलिस ने जवाबी फायरिंग की इसमें आरोपी घायल हो गया। आरोपी की पहचान कल्लू निवासी पलवल हरियाणा के रूप में हुई है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली युवती के साथ बेकरी गोदाम मालिक ने की छेड़छाड़



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक ब्यूटी पार्लर में काम करने वाली युवती के साथ बेकरी गोदाम मालिक ने छेड़छाड़ कर दी। पुलिस ने युवती की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। हालांकि, अभी आरोपी को पकड़ा नहीं जा सका है। नगर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीए0पास है और एक ब्यूटी पार्लर में काम करती है। ब्यूटी पार्लर के पास ही एक बेकरी है। इस बेकरी में उसकी मां काम करती है। आरोप है कि वह अपनी मां को देखने के लिए बेकरी के गोदाम पर गई थी। गोदाम पर उसको उसकी मां नहीं मिली तो वह वापस जाने लगी। इसी बीच बेकरी मालिक ने उसको अकेली देखकर छेड़छाड़ की। आरोपी उसके साथ अश्लील हरकतें कर रहा था। जैसे-तैसे वह उसके चंगुल से छूटकर घर पहुंची और अपने परिजनों को पूरे मामले की जानकारी दी। पुलिस ने बेकरी के मालिक ललित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## गुमशुदा 05 साल के मासूम बच्चे को 01 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर परिजन को किया सुपुद

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । दिनांक 07.12.2024 को थाना गुलावठी पर सूचना प्राप्त हुई कि थाना गुलावठी क्षेत्र निवासी 05 साल का बच्चा घर पर खेलते हुए कही गुम हो गया है। इस सूचना पर थाना गुलावठी पुलिस द्वारा अथक परिश्रम करते हुए जनपद में श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय के नेतृत्व मे चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत आज दिनांक 07.12.2024 को गुमशुदा बच्चे को सीसीटीवी/सर्विलांस की सहायता से 01 घण्टे के अन्दर सकुशल बरामद कर उनके परिजन को सुपुर्द किया गया। गुमशुदा बच्चे को उनके परिजन को सुपुर्द करने



पर परिजन व जनता के लोगो द्वारा थाना गुलावठी पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा गयी है। पुलिस टीम-1- श्रीमति सुनीता मलिक थाना प्रभारी गुलावठी। 2-उ0नि0 श्री राजवीर सिंह । 3-का0 अरूण कुमार, म0का0 मीनू।

## बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचारों के विरुद्ध राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलन्दशहर। सनातन धर्म रक्षा समिति बुलन्दशहर ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों व बांग्लादेश में हिंदुओं के मंदिरों और घरों पर हमले, हिंसा और उत्पीड़न की अनेकों घटनाएं व उनके मौलिक अधिकारों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया। ज्ञापन निम्न बिंदुओं को लेकर दिया गया। * मंदिरों पर हमले बांग्लादेश में हिंदू मंदिरों पर हमले हुए है। जिनमें तोड़फोड़, मूर्तियों का अपमान और आगजनी शामिल है। 51% हिंसा पर हुई 69 मंदिरो पर पूजा के समय आक्रमण हुआ।* घरों पर तोड़फोड़ और लूटपाट हिंदू समुदाय के घरों में तोड़फोड़ की गई है। और उनकी संपत्ति लूटी गई है।* हिंसा और हत्याएं = हिंदू समुदाय के लोगों पर हमले हुए है। और कई लोगों की हत्या भी की गई है। 1500 हिंदू शिक्षकों को इस्तिफा देना पड़ा।* धर्म परिवर्तन के लिए दबाव: हिंदू समुदाय के लोगों पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव डाला जा रहा है।* सरकारी संरक्षण का अभाव बांग्लादेश सरकार इन घटनाओं को रोकने में नाकाम रही है। और पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन सनातन धर्म रक्षा समिति द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता- प्रोफेसर डॉक्टर




रूप नारायण, संचालन- अक्षय प्रताप अक्षय, कार्यक्रम अध्यक्ष- गजेंद्र सिंह आर्य, शैलेश गर्ग (गायत्री परिवार), अशोक कुमार (युग प्रवर्तक गायत्री परिवार), चिरंजीलाल (आर्य समाज), मलिक ब्रह्माकुमारी, दुष्यंत कुमार (पूर्व सैनिक) मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ तहसील दिवस धौलाना





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। हापुड़ जनपद की तीनों तहसीलों हापुड़, गढ़मुक्तेश्वर और धौलाना में प्रत्येक माह के पहले और तीसरे शनिवार को होने वाले तहसील दिवस जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के कुशल नेतृव में सम्पन्न हुआ। हापुड़ की धौलाना तहसील में जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान तहसील दिवस में कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई और 06 का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार एवं मंशानुरूप तहसील दिवस में प्राप्त शिकायत का समाधान पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना चाहिए एवं सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी धौलाना, तहसीलदार धौलाना , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील त्यागी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसके साथ ही हापुड़ तहसील में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ जिसमें 35 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 5 का निस्तारण किया गया। वहीं अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए तहसील दिवस गढ़मुक्तेश्वर में 37 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 2 का निस्तारण किया गया।

## जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कुचेसर-बुलंदशहर रोड पर सड़क हादसे में बाइक सवार पिता पुत्र की दर्दनाक मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस अमित कुमार

हापुड़। जनपद हापुड़ के बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कुचेसर-बुलंदशहर रोड पर शनिवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार पिता पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई जबकि घायल हुए तीन लोगों का उपचार अस्पताल में चल रहा है। सड़क हादसे में नीलगाय की भी मौत हो गई। सूचना पर बाबूगढ़ थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जिन्होंने शवों को कब्जे में लिया और घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बाबूगढ़ के थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता ने बताया की 50 वर्षीय राजू पुत्र रामगोपाल, 18 वर्षीय नैतिक पुत्र राजू, 16 वर्षीय मानसी पुत्री राजू निवासीगण गांव बहापुर थाना बीबीनगर तथा



रूपक पुत्र त्रिलोकचंद निवासी नगलागुरसेन व अज्ञात शनिवार की रात दो बाईकों पर सवार होकर कहीं जा रहे थे। जैसे ही वह रात 9.40 पर बाबूगढ़ क्षेत्र के वनखंडा पेट्रोल पंप के पास कुचेसर-बुलंदशहर रोड पर पहुंचे तो सड़क पर अचानक नील गया आ गई जिसके कारण अज्ञात कैंटर और दोनों मोटरसाइकिल हादसे की चपेट में आ गई। इस दौरान नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की जानकारी मिलने पर बाबूगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी सिखेड़ा में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान चिकित्सकों ने नैतिक व उसके पिता राजू को मृत घोषित कर दिया जबकि मानसी की हालत गंभीर बताई जा रही है। अन्य दोनों मामूली रूप से चोटिल हैं। पुलिस ने मृतकों का शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है और घायल का उपचार किया जा रहा है। परिजनों को पुलिस ने सूचित कर दिया है। मामले की जानकारी मिलने पर परिवार में मातम छा गया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के विरोध में 'विशाल आक्रोश सभा'

गाजियाबाद । गाजियाबाद के कवि नगर रामलीला मैदान में रविवार को बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में 'विशाल आक्रोशित सभा' आयोजित की गई। रामलीला मैदान में कई हिंदूवादी संगठन एवं जनप्रतिनिधि भी पहुंचे। हिंदू समाज गाजियाबाद और हिंदू समाज सुरक्षा समिति के बैनर तले हजारों लोग एकत्रित हुए और प्रदर्शन किया। मंच से कई लोगों ने अपने संबोधन में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले की निंदा की और भारत में मौजूद हिंदुओं से एकजुट होने की अपील की।
अपने संबोधन में सभी लोगों ने इसी बात पर बल दिया कि अब समय आ चुका है कि हम सभी एकजुट हो जाएं और इस स्थिति का मुकाबला करें। बांग्लादेश में हिंदुओं पर लगातार हमले हो रहे हैं। उनकी संपत्तियों पर कब्जा किया जा रहा है और महिलाओं के साथ घिनौनी घटनाएं हो रही हैं। यह सब बंद होना चाहिए। मंच से वक्ताओं ने बांग्लादेश सरकार और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं का जीवन नरक के समान हो गया है। वहां के हिंदू परिवारों को निशाना बनाकर उन पर अत्याचार किए जा रहे हैं।
उन्होंने भारत सरकार से बांग्लादेश में हिंदुओं के अधिकारों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की। गाजियाबाद में हिंदू संगठनों के इस प्रदर्शन ने बांग्लादेश में हो रहे




अत्याचारों को एक बार फिर से उजागर कर दिया है। बीते दिनों कई राजनीतिक हस्तियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों के संबंध में जल्द से जल्द कदम उठाने की मांग की।

## शौचालय के पाइप में फंसा मिला छह महीने का मानव भ्रूण

गाजियाबाद । गाजियाबाद में रविवार को शौचालय के पाइप में फंसा छह महीने का मानव भ्रूण बरामद किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मकान मालिक देवेंद्र उर्फ देवा ने पाइप तोड़कर भ्रूण को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर इंदिरापुरम पुलिस मौके पर पहुंची और मकान मालिक से पूछताछ की। अधिकारियों के मुताबिक, देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि आज सुबह पानी जमा होने के कारण पाइप कट गया था और कटे पाइप के अंदर देखा तो उसमें मानव भ्रूण फंसा मिला। देवेंद्र ने पुलिस को यह भी बताया कि उसके घर में नौ किराएदार रह रहे हैं। पुलिस ने उन सभी से पूछताछ की है। कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद भ्रूण को सुरक्षित रख लिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (इंदिरापुरम) स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि किराएदारों का डीएनए कराया जाएगा और भ्रूण के डीएनए से उसका मिलान किया जाएगा ताकि पता लगाया जा सके कि अपराध किसने किया है।

## दयालु महाराज भी बनना चाहते है भाजपा से प्रत्याशी



नई दिल्ली । योगी आदित्य नाथ तथा प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित हो अनेक लोग भारतीय जनता पार्टी से प्रभावित हो भाजपा में शामिल हो जनसेवा करना चाहते हैं। खासतौर से संत समाज से जुड़े अनेक श्रद्धालु भी भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी के तहत राजधानी दिल्ली के प्रसिद्ध भजन गायक दयालु महाराज भी भाजपा से जुड़े है और वे भी आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र के तहत बाबरपुर विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की तरफ से चुनाव लड़ना चाहते हैं। दयालु महाराज इस सिलसिले में दिल्ली भाजपा के कुछ नेताओं से मिल अपनी ईच्छा जाहिर कर चुके हैं। दयालु महाराज नें क्षेत्र के सांसद मनोज तिवारी से भी इस सिलसिले में बातचीत की है। दयालु महाराज के उत्तर पूर्वी दिल्ली में बड़ी संख्या में अनुयायी है जो ये चाहते है दयालु महाराज विधानसभा का चुनाव लड़ जनसेवा करें। दयालु महाराज के अनुयायी धर्मपाल कहते हैं ऐसे लोगो को राजनीती के क्षेत्र में आना चाहिए ताकि धर्म के साथ-साथ समाज की सेवा भी हो और जनहित के काम कराए जा सके। धर्मपाल कहते है दयालु महाराज जमीन से जुड़े एक धार्मिक व्यक्ति तो हैं ही इनकी समाज के हर वर्ग में अपनी खास पहचान है लिहाजा ऐसे लोगो को राजनीती में आना चाहिए ताकि समाज सेवा सही तरीके से हो सके। दयालु महाराज का इस सिलसिले में कहना है उनके अनेक अनुयायी उनसे आग्रह कर रहे हैं उन्हें भाजपा से विधानसभा चुनाव लड़ना चाहिए। दयालु महाराज कहते हैं यदि भाजपा उन्हें यह मौका देती है तो वे पूरी ईमानदारी के साथ राजनीती में उतरेंगे और जीत दर्ज करके दिखायेंगे और जीतने के बाद किसी भी व्यक्ति को उनके कार्यों से निराशा नहीं मिलेगी। वे सभी को साथ लेकर चलेगें और मोदी जी के सिधान्तो सबका साथ सबका विकास के नारे को बुलंद करेगें।

## दिल्ली के रोहिणी विधानसभा में समाप्त हुई दिल्ली न्याय यात्रा, एक महीने में 70 विधानसभा कवर

नई दिल्ली । कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा का रोहिणी विधानसभा में शनिवार को समापन हो गया। 30वें दिन कांग्रेस की यह यात्रा बवाना विधानसभा से शुरू हुई जो रिठाला विधानसभा होते हुए रोहिणी में पहुंची। दिल्ली की 70 विधानसभा का दौरा करनेवाली इस न्याय यात्रा के माध्यम से जहां एक तरफ कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाया। तो वहीं, दूसरी ओर उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार पर भी जमकर निशाना साधा। साथ ही, उन्होंने दिल्ली सरकार की फ्री की रेवड़ी पर भी तंज कसा। इसके अलावा इस यात्रा से उन्होंने दिल्लीवासियों को दिल्ली की सभी समस्याओं से न्याय दिलाने की बात कही। कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा का शनिवार 7 दिसंबर को समापन‐ दिल्ली में विधानसभा चुनाव से पहले अपनी जमीन को मजबूत करने में जुटी कांग्रेस की दिल्ली न्याय यात्रा का शनिवार 7 दिसंबर को समापन हो गया। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव के नेतृत्व में शुरू की गई दिल्ली न्याय यात्रा शनिवार को 30वें दिन 70 विधानसभा को कवर



करते हुए समाप्त हुई। दिल्ली के बवाना विधानसभा से शुरु हुई ये यात्रा रिठाला विधानसभा होते हुए रोहिणी विधानसभा पहुंची, जहां इस यात्रा को अंतिम रूप दिया गया। दिल्ली सरकार की फ्री वाली रेवड़ी पर साधा निशाना‐ दिल्ली न्याय यात्रा के आखिरी दिन यात्रा बवाना विधानसभा के कृष्ण विहार से शुरू की गई, जिसके बाद कृष्ण विहार विभिन्न गलियों और चौक चौराहों से होती हुई, बुध विहार, रिठाला और रोहिणी सेक्टर 7 के नाहरपुर गांव में पहुंची। इस न्याय यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी देखने को मिली, जिसने कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह भरने का काम किया। कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इस यात्रा के दौरान दिल्ली सरकार की फ्री वाली रेवड़ी पर भी निशाना साधा, और पानी की समस्या पर तंज कसा। न्याय यात्रा ने कांग्रेस के संदेश को जन जन तक पहुंचाया‐ 30 दिन और 70 विधानसभा तक पहुंची इस न्याय यात्रा के माध्यम से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कांग्रेस के संदेश को जन जन तक पहुंचाने का काम किया। इस यात्रा के माध्यम से कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की बुनियादी सुविधाओं पर विशेष जोर दिया, और साथ ही उन्होंने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सत्ता वाली सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए। इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि 30 दिनों में दिल्लीवासियों का भरपूर समर्थन मिला। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इस न्याय यात्रा के माध्यम से हमारा प्रयास रहेगा, कि दिल्लीवासियों को दिल्ली की बुनियादी सुविधाओं को लेकर न्याय मिले। न्याय यात्रा में दिल्ली की समस्याओं को समझने का प्रयास‐ गौरतलब है कि बीते 8 नवंबर को शुरू हुई दिल्ली न्याय यात्रा दिल्ली की सभी 70 विधानसभा पहुंची। इस यात्रा के माध्यम से दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं का दौरा किया और इस दौरान उन्होंने दिल्ली की समस्याओं को समझने का प्रयास किया।
साथ ही उन्होंने विभिन्न समस्याओं से न्याय दिलाने की बात कही। बहरहाल दिल्ली न्याय यात्रा का समापन हो गया, और अब आने वाले विधानसभा चुनाव में देखना होगा कि इस दिल्ली न्याय यात्रा का कांग्रेस को कितन लाभ मिलता है, और कांग्रेस चुनावी नतीजों किस तरह इसे बदल पाती है।

## कुलजीत सिंह चहल ने वन नेशन वन इलेक्शन थीम पर आधारित जागरूकता अभियान कार्यक्रम में भाग लिया

नई दिल्ली । नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने ॐवन नेशन वन इलेक्शनॐ थीम पर एक जागरूकता अभियान का आयोजन किया, जिसमें प्रसिद्ध एवं युवा कलाकारों द्वारा सेंट्रल पार्क, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में लाइव चित्रकला कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। एनडीएमसी उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई और इस महत्वपूर्ण चुनावी सुधार के महत्व के उद्देश्य को रेखांकित किया। श्री चहल ने बताया कि 1951-52 से 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाते थे, लेकिन यह क्रम टूट गया, जिसके परिणामस्वरूप बार-बार चुनाव, बढ़ा हुआ खर्च और शासन में बाधाएं उत्पन्न हुईं। श्री चहल ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन का उद्देश्य लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनावों को एक साथ कराना है, जिससे खर्च में बचत, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और विकास कार्यों में निरंतरता सुनिश्चित किया जा सकेगा। श्री चहल ने बताया कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक समिति इस अवधारणा की व्यवहारिकता का अध्ययन कर रही है। हालांकि संवैधानिक संशोधन और प्रशासनिक चुनौतियां मौजूद हैं,



लेकिन उच्च मतदान दर और नीतिगत स्थिरता जैसे लाभ इसे एक महत्वपूर्ण सुधार बनाते हैं। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध कलाकारों, जैसे रूप चंद, मनीष कुमार गोंद, बृजेश कुमार, मनोज मोहंती, द्वारा वन नेशन वन इलेक्शन थीम पर लाइव आर्ट प्रदर्शन किया गया, जिसे वहां आए हजारों आगंतुकों ने सराहा और इसकी प्रेरणादायक प्रस्तुति की खूब प्रशंसा की। इस कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों, प्रोफेसरों, कानूनी पेशेवरों, युवा कलाकारो और परिषद अधिकारियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्री चहल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण को पूरी तरह समर्थन व्यक्त करते हुए कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज का यह कार्यक्रम लोगों में इस पहल के प्रति जागरूकता फैलाने और इसके लाभों के बारे में समझ बढ़ाने का एक अहम अवसर रहा। साथ ही, उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री के 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए कहा कि यह कदम उस दिशा में महत्वपूर्ण योगदान करेगा, जो भविष्य में भारत को एक सशक्त और समृद्ध राष्ट्र बनाने में मदद करेगा।

## दिल्ली की झुग्गी बस्तियों में नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं लोग -विजेंद्र गुप्ता

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की स्लम बस्तियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न करा पाने के लिए दिल्ली सरकार की जमकर आलोचना की है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जितनी भी स्लम बस्तियां हैं, उनमें पीने का साफ पानी तक नहीं मिल पा रहा है, गंदगी चारों तरफ फैली पड़ी है, सीवर और ड्रेनेज सिस्टम जाम पड़ा है और स्वास्थ्य सुविधाओं का भी बिल्कुल अभाव है। फ्री बिजली देने का केजरीवाल का वादा हवा हवाई हो चुका है और इन बस्तियों में रहने वाले झुग्गीवासियों को हजारों के बिजली के बिल थमाए जा रहे हैं। नेता प्रतिपक्ष ने आज मालवीय नगर स्थित वाल्मीकि कैम्प, बेगमपुर का दौरा किया और झुग्गीवासियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानने के लिए पदयात्रा की। उस अवसर पर नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार ने वादा किया था कि वह इन कॉलोनियों की हर झुग्गी में कनेक्शन देकर उन्हें पीने का स्वच्छ पानी मुहैया करायेगी, लेकिन %हर घर में नल% का दावा खोखला साबित हो गया। यहां तक कि इन कॉलोनियों में जो कम्युनिटी नल लगा हुआ है उसमें भी पानी नहीं आता, बाकी जगह की तो बात ही छोड़ दीजिए। पानी आने की उम्मीद में महिलाएं खाली बाल्टियां लेकर घंटों तक पानी का इंतज़ार करती नज़र आती हैं लेकिन पानी नहीं आता। लोगों को मजबूरन बोतलबंद पानी खरीदने को मजबूर होना पड़ता है। यहां के निवासियों ने गुप्ता को बताया कि उनके राशन कार्ड में नए सदस्यों के नाम भी नहीं जोड़े जा रहे हैं जिसके चलते उन्हें राशन लेने में भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर स्कूल ना जाने वाले बच्चों की खासी तादाद होने के बावजूद सरकार ने कोई स्कूल नहीं खोला है। चारों तरफ सिर्फ गंदगी का साम्राज्य है और आम आदमी पार्टी की कुव्यवस्था के चलते इन बस्तियों में टीबी, मलेरिया, डेंगू, टाइफाइड, डायरिया, श्वास और त्वचा संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियां यहां के निवासियों के लिए आम बात है और यहां रहने वाले बच्चे कुपोषण के शिकार हो रहे हैं। पिछले दस साल में आम आदमी पार्टी की सरकार के न तो किसी मंत्री ने और न ही किसी नेता ने उनकी सुध ली है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि केजरीवाल सरकार झूठे वादों की सरकार बनी हुई है और भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड बना रही है। शिक्षा क्रांति, हेल्थ सर्विसेज और आबकारी नीति के नाम पर इस सरकार ने करोड़ों अरबों का भ्रष्टाचार किया है। उन्होंने कहा कि वैसे तो पूरी दिल्ली में ही पीने के पानी की भारी किल्लत बनी हुई है लेकिन जेजे कॉलोनियों की स्थिति बहुत ही शोचनीय बनी हुई है। जिसके चलते यहां के नागरिकों को नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और यहां के निवासियों को एक साथ कई मोर्चों पर जूझना पड़ रहा है। लेकिन केजरीवाल सरकार के जनप्रतिनिधि यहां आने की जहमत भी नहीं उठा पा रहे हैं। गुप्ता ने कहा है कि वह जिन लोगों को अपना %वोट बैंक% मानती है उन्हें ही मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं करवा पा रही है तो बाकी लोगों की स्थिति क्या होगी यह सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है। उन्होंने दिल्ली सरकार से मांग की है कि वह स्लम बस्तियों के झुग्गीवासियों को तुरंत ही पानी उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करे और बाकी मूलभूत सुविधाएं भी तुरंत ही मुहैया करवाए ताकि यहां के लोग नारकीय जीवन और गंभीर बीमारियों के खतरे से बाहर आ सकें।

## रावली-सुराना मार्ग पर पांच घंटे तक जाम लगा

मुरादनगर । गन्ने से भरे ट्रक आने के कारण रावली-सुराना मार्ग पर रविवार सुबह दस से लेकर दोपहर तीन बजे तक जाम लगा रहा। वाहनों की तीन किलोमीटर लंबी कतार लगने से राहगीरों को परेशानी हुई। इस दौरान ट्रैफिक पुलिसकर्मी नहीं दिखाई दिए। रावली-सुराना मार्ग पर 30 से ज्यादा गांवों के लोगों का आवागमन होता है। इस मार्ग पर रोज दस हजार से अधिक वाहन गुजरते हैं। गन्ना का सीजन शुरू होते ही इस मार्ग पर जाम की समस्या आम हो जाती है। रविवार को मार्ग पर गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक और ट्रैक्टर ट्राला आने के चलते जाम लग गया। इससे वाहनों की लंबी लाइन लग गई। मुरादनगर की ओर दिल्ली-मेरठ मार्ग और रावली रोड पर बिजली सब स्टेशन तक वाहनों की कतार लग गई। तीन किलोमीटर लगे जाम के कारण राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सबसे अधिक परेशानी शादी समारोह में जाने वालों को हुई। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह दस से लेकर दोपहर करीब तीन बजे तक जाम लगा रहा। इस दौरान कोई भी पुलिसकर्मी दिखाई नहीं दिया, जबकि इसी मार्ग पर चुंगी नंबर तीन पुलिस चौकी स्थित है। एसीपी ने बताया कि जाम की सूचना मिलने से पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजा गया था।

## स्कूल गया छात्र लापता, अनहोनी की आशंका

मुरादनगर । गुरुग्राम की वाटिका सिटी निवासी भविष्य शर्मा वर्तमान में गांव हिंसाली स्थित पावन चिंतन आश्रम में परिवार सहित रहते हैं। उनका 15 वर्षीय पुत्र संभव दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षा दस का छात्र है। शनिवार को संभव अपने दोस्त की बाइक पर स्कूल गया था, लेकिन वापस नहीं आया। तलाश के बाद भी जब वह नहीं मिला तो परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि केस दर्ज कर छात्र की तलाश की जा रही है।

## स्ट्रीट लाइट खराब होने से परेशानी

गाजियाबाद । शहर में कई जगह स्ट्रीट लाइट खराब है। अंधेरा होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने निगम के प्रकाश विभाग से नई लाइट लगवाने की मांग की है। गौशाला फाटक से सेना के मैदान तक कई स्ट्रीट लाइट रात में बंद रहती है। लोगों ने बताया लाइट बंद होने से अंधेरे रहता है। इससे हादसा होने का डर रहता है। कई ई-रिक्शा पलट चुकी हैं।इसमें कई लोग चोटिल हो चुके हैं। स्थानीय निवासी रोहित कुमार और कमलदीप शर्मा ने बताया निगम से स्ट्रीट लाइट ठीक कराने की मांग की है। इसके अलावा शहर में कई अन्य जगह पर भी लाइट बंद रहती हैं।

## सोनिया गांधी के जन्मदिन पर रक्तदान करेंगे

गाजियाबाद । कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी के जन्मदिन पर कार्यकर्ता रक्तदान करेंगे। रविवार को पूर्व विधायक गजराज सिंह ने सेंट्रल मार्केट स्थित कार्यालय पर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता सोमवार सुबह 11 बजे कार्यालय पर एकत्र होंगे और आंबेडकर रोड स्थित निजी अस्पताल में रक्तदान करेंगे। सोनिया गांधी के जन्मदिन पर हर वर्ष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष रक्तदान का फैसला किया गया है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से पांच बच्चों सहित छह लोग घायल

लोनी । कृष्णा विहार कॉलोनी में ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई। हादसे में पांच बच्चे और एक युवक घायल हो गया। तीन को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कृष्णा विहार कॉलोनी में रविवार सुबह करीब 11.30 बजे ईंटों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली आई थी। एक मकान के सामने गली में मिट्टी के ढेर पर पहिया चढ़ने से ट्रॉली पलट गई। इससे वहां खेल रहे 10 वर्षीय निखिल, 10 वर्षीय राजन, 6 वर्षीय चिंटू, 6 वर्षीय निकिता, 13 वर्षीय अभिषेक और 20 वर्षीय विक्की चोटिल हो गए।हादसे के बाद चालक और मजदूर भाग गए। निखिल, राजन और चिंटू को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है, जबकि अन्य मामूली रूप से चोटिल हुए थे। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को अपने कब्जे में ले लिया है।

## गाजियाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार




गाजियाबाद । गाजियाबाद पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास योजना और काशीराम आवास योजना के फर्जी आवंटन प्रपत्र तैयार कर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक में दर्ज शिकायत के अनुसार, आवेदिका ने बताया कि आरोपी अशोक, निवासी डी-ब्लॉक सुदामापुरी, ने उसे और उसके परिचितों को आवास दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपये ठगे. पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई पुलिस ने 7 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर आरोपी अशोक को ग्रीन होटल मोड़ के पास से गिरफ्तार किया. पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध कबूलते हुए बताया कि वह सुदामापुरी में रहकर कम पढ़े-लिखे लोगों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए ठगता था. उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लोगों से पैसे वसूले और धोखाधड़ी का पता चलने पर घर बेचकर भाग गया. पुलिस ने बताया कि आरोपी के अन्य आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है. पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ऐसे धोखेबाजों से सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दें. फिलहाल पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है इससे पहले नोएडा में भी शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर साइबर जालसाजों ने एक इंजीनियर के साथ 23 लाख रुपये की ठगी कर ली. पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने की पुलिस से की है. जिन खातों में ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है, पुलिस उन खातों की जांच कर रही है निवेश पर मुनाफा कमाने का झांसा‐ पुलिस को दी शिकायत में ग्रेटर नोएडा के बीटा टू थाना क्षेत्र के एडब्ल्यूएचओ टाउनशिप में रहने वाले प्रमोद कड़प्पा शिन्दे ने बताया कि कुछ समय पहले उन्हें एक अनजान नंबर से एक व्हाट्स ऐप ग्रुप पर जोड़ लिया गया. इसमें शेयर मार्केट और शेयर ट्रेडिंग के बारे में जानकारी दी जा रही थी. एक व्यक्ति रोजाना लोगों को शेयर मार्केट की जानकारी देता था. ग्रुप के कुछ सदस्य उसकी बताई कंपनी में निवेश कर मोटा मुनाफा कमा रहे थे. ग्रुप के सदस्य मुनाफे का स्क्रीनशॉट भी साझा कर रहे थे.

# हमारा शिक्षालय संस्था द्वारा संचालित मुफ्त शिक्षा केन्द्र पर बाँटे कंबल



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग्रेटर नोएडा। माँ तारा फ़ाउंडेशन द्वारा बढ़ती सर्दी से बचने के लिए मुफ़्त शिक्षा केंद्र के लगभग 100 छात्र-छात्राओं को कंबल वितरित किए गए। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर एसश चौधरी, विवेक मल्होत्रा एवं माँ तारा फ़ाउंडेशन के अध्यक्ष सुधाकर दास ने बच्चों को ज़िंदगी जीने का लक्ष्य निर्धारित करने की सलाह दी एवं सभी शिक्षालय के सुपरस्टार को खाद्य सामग्री वितरित करी। इस मौक़े पर हमारा शिक्षालय संस्था के अध्यक्ष आशीष शर्मा मौजूद रहे एवं इस सेवा कार्य के लिए माँ तारा फ़ाउंडेशन का धन्यवाद किया। आशीष शर्मा ने कहा कि हम सभी को ऐसे ही समाज के लिए छोटे-छोटे कार्य करते रहने चाहिए, जिससे आगे जाकर एक अच्छे देश का निर्माण हो सके।

# जेल में बंद किसानों और डी. एम, से 9 दिसंबर 2024 को मुलाकात करेंगे माकपा सांसद कामरेड आमरा राम- गंगेश्वर दत्त शर्मा



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग्रेटर नोएडा। नोएडा, जनपद गौतम बुध नगर में चल रहे किसान आंदोलन को लेकर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी गौतम बुध नगर कमेटी के नेताओं की बैठक पार्टी कार्यालय सेक्टर- 8 नोएडा पर हुई। बैठक में सीपीआई (एम) दिल्ली एनसीआर राज्य सचिव कामरेड अनुराग सक्सैना, सचिव मंडल सदस्य कामरेड राजीव कुंवर, किसान सभा केंद्र कमेटी के नेता पुष्पेंद्र त्यागी, मनोज सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में शांतिपूर्ण तरीके से अपने हक अधिकारों को हासिल करने के लिए चलाए जा रहे आंदोलन पर प्रदेश सरकार पुलिस द्वारा किए जा रहे दमन- शोषण, उत्पीड़न एवं भारी पैमाने पर किसानों की गिरफ्तारी कर जेल भेजे जाने की कड़ी निंदा की गई। साथ उक्त मुद्दे पर व्यापक स्तर पर अभियान/ आंदोलन की रूपरेखा तय की गई! जिसके तहत 9 दिसंबर 2024 को किसान सभा के राष्ट्रीय नेता सीकर राजस्थान से सीपीआई एम सांसद कामरेड अमराराम- राव के नेतृत्व में पार्टी का प्रतिनिधिमंडल दोपहर 2.00 बजे जेल में बंद किसानों से मुलाकात करेगा और उसके बाद जिलाधिकारी कार्यालय सूरजपुर ग्रेटर नोएडा पर 3.30 बजे डी एम से मुलाकात कर किसानों की तुरंत रिहाई की मांग की जाएगी। सीपीआई एम जिला सचिव रामसागर ने बताया कि अगर जिलाधिकारी के साथ वार्ता सकारात्मक नहीं रही तो आगामी आंदोलन की घोषणा कर दी जाएगी।

# धवलगिरि बी-5 अपार्टमेंट में फ्री स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



नोएडा । नोएडा के सेक्टर-34 स्थित धवलगिरि बी-5 अपार्टमेंट में फ्री स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसने स्थानीय निवासियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धवलगिरि आरडब्ल्यूए और मैश मानस हॉस्पिटल ने मिलकर इस शिविर में 100 से अधिक निवासियों ने अपनी व्यापक स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर में चिकित्सकों द्वारा कई महत्वपूर्ण परीक्षण फ्री किए गए, जिनमें पेप स्मीयर टेस्ट, हड्डियों की जांच, शुगर और खून की जांच प्रमुख थे। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के.के. जैन ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य निवासियों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और बीमारियों की जल्द पहचान करना है। अस्पताल के चिकित्सकों ने मधुमेह रोकथाम, सही आहार और स्वस्थ जीवनशैली पर महत्वपूर्ण परामर्श भी दिए। कार्यक्रम में आरडब्ल्यूए के वरिष्ठ पदाधिकारी जैसे महासचिव के.के. भाटिया, संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष आर.सी. शर्मा, एम.पी. शर्मा, अर्चना और योगेश कुमार उपस्थित रहे।

# नए आपराधिक कानूनों के खिलाफ याचिका


नई दिल्ली । भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 सहित नए आपराधिक कानूनों में कुछ प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी के माध्यम से दायर की गई है। इन कानूनों को 20 दिसंबर, 2023 को लोकसभा में पारित किया गया था। याचिका में अधिवक्ता ने सुप्रीम कोर्ट से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधानों/धारा 187(2)(3), 43(3), 173(3) और 85 को संविधान के अनुच्छेद 21 का उल्लंघन करार देते हुए असंवैधानिक घोषित करने का आग्रह किया है। धारा 187(2) और 187(3) जांच प्रक्रिया में अभियुक्तों की हिरासत से संबंधित है। बीएनएसएस की धारा 43(3) ऐसे व्यक्ति को न्यायालय के समक्ष पेश करते समय हथकड़ी के प्रयोग से संबंधित है, जो आदतन अपराध करने वाला है। धारा 173(3) में कहा गया है कि जांच अधिकारी 14 दिनों की अवधि के भीतर एफआईआर दर्ज करने से पहले प्रारंभिक जांच करेगा।

# आतिशी ने गोविंदपुरी की घटना में मारे गए व्यक्ति के परिजन से मुलाकात की



नई दिल्ली । दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने गोविंदपुरी में एक साझा शौचालय में पानी न डालने पर हुई हिंसक झड़प में मारे गए व्यक्ति के परिजन से मुलाकात की। आतिशी ने शनिवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उनके प्रति संवेदना व्यक्त की और शहर में सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में ''विफल रहने के लिए'' केंद्र सरकार की आलोचना की। आतिशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित केंद्र सरकार के पास दिल्ली में सिर्फ कानून-व्यवस्था को संभालते हुए दिल्लीवालों को सुरक्षा देने का एकमात्र काम है लेकिन वे इसमें पूरी तरह नाकाम रही है, कानून-व्यवस्था को पूरी तरह खत्म कर दिया है।''उन्होंने कहा, ''दिल्ली में गोलीबारी, हत्याएं, फिरौती रोजमर्रा की बात हो गई है। अपराधियों में पुलिस का कोई डर नहीं है। लोग न तो घर के बाहर, न ही घर के अंदर सुरक्षित है।''मुख्यमंत्री ने कहा, ''मेरी भाजपा शासित केंद्र सरकार से अपील है कि वह कानून- व्यवस्था को संभाले, वरना सभी दिल्लीवाले उसे सबक सिखायेंगेज।''पुलिस ने बताया कि दक्षिणी दिल्ली के गोविंदपुरी इलाके में एक साझा शौचालय में पानी नहीं डालने को लेकर पड़ोसियों से हुए झगड़े में कबाड़ का काम करने वाले 18 वर्षीय सुधीर की चाकू गोद कर हत्या कर दी गयी।

# दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने की साजिश भाजपा ने रची - सिसोदिया



नई दिल्ली । आम आदमी पार्टी (आप) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर दिल्ली में रोहिंग्या को बसाने का आरोप लगते हुए रविवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव नजदीक आते ही भाजपा फिर अपनी गंदी राजनीति पर उतारू हो गई है। 'आप' के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने 'एक्स' पर भाजपा नेता एवं केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के एक पुराने ट्वीट को साझा करते हुए कहा, हरदीप पुरी का ट्वीट इस बात का सबूत है कि दिल्ली में रोहिंग्या को लाने और बसाने की साजिश भाजपा ने खुद रची। इन्हीं लोगों ने उन्हें ईडब्ल्यूएस फ्लैट, सुरक्षा और सभी सुविधाएं देकर यहां बसाया। सामने से नफरत फैलाओ और पीछे से रोहिंग्या को बसाओ, यही है भाजपा की गंदी और धोखेबाज़ राजनीति। दिल्लीवालों को गुमराह करना बंद करो! आपकी दोहरी चालें अब नहीं चलेंगी। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा, भाजपा वालों को अरविंद केजरीवाल पर झूठे आरोप लगाने की इतनी जल्दी थी कि यह याद नहीं रहा कि रोहिंग्या को दिल्ली में कौन लाया, किसने बसाया, कहां बसाया! लेकिन सच्चाई की ख़ास बात है कि वो सामने आ ही जाती है। और आज दिल्लीवालों के सामने सच्चाई हरदीप पूरी के इस ट्वीट से आ गई है। आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा, हरदीप पूरी का ट्वीट पढ़िए। आपको पता चल जाएगा कि दिल्ली में रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया? कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, प्रधानमंत्री के चहेते केंद्रीय मंत्री हरदीप पूरी का ये बयान पढ़िए। रोहिंग्या घुसपैठियों की सबसे ज़्यादा चिंता मोदी सरकार को है। अब आपको पता चल गया होगा कि दिल्ली में रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया। आप के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) डॉ. संदीप पाठक ने ट्वीट कर कहा कि हरदीप पुरी का ये ट्वीट पढ़िए। आपको पता चल जाएगा कि दिल्ली में रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया। आम आदमी पार्टी के युवा सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के इस ट्वीट को पढ़कर साफ़ पता लगता है दिल्ली में रोहिंग्याओं को किसने बसाया। वहीं, दिल्ली के कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि हरदीप पुरी का ये ट्वीट पढ़िए। आपको पता चल जाएगा कि दिल्ली में रोहिंग्या को कौन लाया, उनको किसने बसाया और कहां बसाया। आम आदमी पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने ट्वीट कर कहा कि हरदीप पूरी का यह ट्वीट साफ़ बताता है की भाजपा ने रोहिंग्या को सिर्फ़ बॉर्डर ही पार नहीं करवाया, उनको दिल्ली में जगह जगह बसाया भी। उल्लेखनीय है कि 'आप' नेताओं ने श्री पुरी के अगस्त 2022 के एक ट्वीट को साझा करके भाजपा पर हमला किया है। उस ट्वीट में कहा गया, भारत ने हमेशा उन लोगों का स्वागत किया है जिन्होंने देश में शरण मांगी है। एक महत्वपूर्ण फैसले में सभी रोहिंग्या शरणार्थियों को दिल्ली के बक्करवाला क्षेत्र में ईडब्ल्यूएस फ्लैट्स में शिफ्ट किया जाएगा। उन्हें बुनियादी सुविधाएं, यूंएनएचसीआर आईडी और 24 घंटे दिल्ली पुलिस की सुरक्षा दी जाएगी।

# पंजाबी समाज ने सेंचुरी अपार्टमेंट में लगाया मेगा हेल्थ कैंप



नोएडा । नोएडा पंजाबी समाज द्वारा आज सेक्टर-100 स्थित सेंचुरी अपार्टमेंट में एक निशुल्क एक्यूप्रेशर और एक्युपंक्चर स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप सुबह 10 बजे शुरू हुआ और दिनभर चलता रहा। इस कैंप में डॉ. यूपी सिंह और उनकी टीम ने लगभग 108 लोगों का उपचार किया। डॉ. सिंह का उद्देश्य दवा मुक्त भारत बनाना है, और इस दिशा में उनके प्रयास सराहनीय हैं। सेंचुरी अपार्टमेंट के महासचिव दिलीप मिश्रा ने इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के अंत में नोएडा पंजाबी समाज ने डॉ. यूपी सिंह और उनकी टीम को सम्मानित किया। इसके साथ ही, फ़ोनरवा के प्रेसिडेंट योगेंद्र शर्मा, पवन यादव, दिलीप मिश्रा, विनोद शर्मा और त्रिलोक शर्मा को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कैंप के दौरान, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पवन यादव ने बताया कि नोएडा पंजाबी समाज के अध्यक्ष जेपी उप्पल, महासचिव टीएस अरोड़ा और अशोक खन्ना के नेतृत्व में समाज लगातार ऐसे कर रहा है, जिससे शहरवासियों को दवा मुक्त जीवन जीने में मदद मिले। इस आयोजन ने नोएडा के नागरिकों को एक स्वस्थ और दवा मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करने का संदेश दिया। पंजाबी समाज के इस प्रयास को स्थानीय निवासियों ने खूब सराहा।

# गाजीपुर में भाजपा का प्रदर्शन, आरोप लगाया

## 'कूड़े के पहाड़ की जिम्मेदार केजरीवाल सरकार'




नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन, सियासी आरोप-प्रत्यारोप का दौर बढ़ता जा रहा है। रविवार को भाजपा नेता विजय गोयल और पार्टी कार्यकर्ता गाजीपुर पहुंचे, जहां उन्होंने दिल्ली सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान, प्रदर्शनकारियों ने 'कूड़े के पहाड़ के जिम्मेदार केजरीवाल सरकार' लिखे हुए पोस्टर भी लहराए। भाजपा नेता विजय गोयल ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि पिछले 10 सालों में दिल्ली में कोई काम नहीं हुआ है। यहां गाजीपुर में एक विशाल कूड़े का पहाड़ खड़ा हो गया है, जिसे हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। केजरीवाल सरकार ने कूड़े के पहाड़ को हटाने का जो वादा किया था, वह अभी तक अधूरा है। कूड़े का पहाड़ हटाने के नाम पर सिर्फ राजनीति हो रही है। इस कूड़े के पहाड़ को हटाने के बजाय लोगों को यहां से शिफ्ट करने की बात की जा रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने कूड़े के ढेर की समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। भाजपा के सर्वे में पर्यावरण सबसे बड़ा मुद्दा था। यमुना का पानी गंदा है, वाहनों पर कोई नियंत्रण नहीं है और कूड़े के पहाड़ दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली सरकार के पास समस्याओं का समाधान नहीं है, वह केवल राजनीति कर रहे हैं। दिल्ली की जनता अब केजरीवाल सरकार को पहचान चुकी है। उन्होंने आगे कहा कि पहले अरविंद केजरीवाल ने दिसंबर 2023 तक कूड़े के पहाड़ को हटाने का वादा किया था। उसके बाद कहा कि इस साल खत्म कर देंगे और अब 2026 में इसे खत्म करने की बात कह रहे हैं। दिल्ली में सरकार आम आदमी पार्टी (आप) की है, एमसीडी उनके पास है, तो फिर कूड़े के पहाड़ को हटाने में क्या रुकावट है? यह सिर्फ और सिर्फ राजनीति है।

उन्होंने भरोसा दिया कि दिल्ली में भाजपा अगर सत्ता में आती है तो दिल्ली को डबल इंजन की सरकार का लाभ मिलेगा। हमारा वादा है कि हम केंद्र सरकार और एलजी की मदद से इस कूड़े के पहाड़ को हटाएंगे। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि दिल्ली की समस्याओं का हल निकाला जाए, चाहे वह पर्यावरण का मुद्दा हो या कूड़े के पहाड़ का। उन्होंने कहा कि अगर केजरीवाल का बस चले तो वह दिल्ली को गिरवी रख देंगे, लेकिन जनता अब जाग चुकी है। दिल्ली की जनता अब उन्हें उखाड़कर फेंकना चाहती है।

# आर्य समाज नोएडा के वार्षिकोत्सव का भव्य समापन





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा। आर्य समाज सेक्टर 33,नोएडा का त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव सोल्लास संपन्न हो गया। वैदिक विद्वान डा.जयेंद्र आचार्य के ब्रह्मत्व में 51 कुण्डीय विश्वशांति सौहार्द महायज्ञ सम्पन्न हुआ।मुख्य यज्ञमान हरिशंकर सिंह,अशोक अरोड़ा,पुनीत निरुपमा मल्होत्रा,वंदना एवं दीपक खोसला,प्रतीक एवं गगन भसीन,आशीष कठपालिया, सौरभ कठपालिया सपरिवार रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे केंद्रीय केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य के समारोह में आगमन पर गुरुकुल के ब्रह्मचारियों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया,उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद ने कहा था कि कोई कितना भी करें स्वदेशी राज्य सर्वोत्तम होता है आज राष्ट्रवाद की जो बात चल रही है उसकी अवधारणा को जन्म देने वाले स्वामी दयानंद थे स्वामी दयानंद से अनेकों नौजवानों ने प्रेरणा लेकर आजादी की लड़ाई में कूद पड़े थे आज दो धाराएं देश में चल रही है एक राष्ट्रवाद की दूसरे भारत तेरे टुकड़े करने वाली ऐसी विषम परिस्थितियों में सभी आर्यजनों का कर्तव्य बनता है कि राष्ट्रवादी ताकतों को मजबूत बनाएं। प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने बांग्लादेश में जो हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर खेद प्रकट करते हुए मोदी सरकार से मांग की कि बांग्लादेश पर दबाव बनाकर हिन्दुओं पर ही रहे अत्याचार को रोकें। विशिष्ट अतिथि नवाब सिंह नागर (पूर्व विधायक) ने गुरुकुल एवं आर्य महासम्मेलन में अपने उद्बोधन में कहा कि गुरुकुल हमें स्वयं संस्कारित होकर दूसरों को संस्कारित करना सिखाता है। महर्षि दयानंद सरस्वती और आर्य समाज के उपकारों की चर्चा की। यज्ञ के महत्व की चर्चा करते हुए बताया कि यज्ञ से ही मानव का निर्माण हो सकता है। उन्होंने सामाजिक सेवा को सर्वोपरि बताया।उन्होंने आगे कहा कि सत्यार्थ प्रकाश स्वामी दयानन्द की राष्ट्र को अनुपम देन है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में डा वेदपाल ने कहा कि महर्षि के उपकार नारी जाति पर बहुत हैं।स्त्री शिक्षा के अधिकार महर्षि दयानंद सरस्वती की देन है। साहस,स्वराज्य प्राप्ति की प्रेरणा,सामाजिक उत्थान,ब्रह्मचर्य,गौ रक्षा का महत्व बताते हुए गौकरुणा निधि पर प्रकाश डाला और गुरुकुल शिक्षा का महत्व बताया। गुरुकुल में ही बलिदान की प्रेरणा मिलती है गुरुकुलों से निकले छात्रों ने ही स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था तभी यह देश आजाद हुआ यहां राष्ट्र के प्रति समर्पित होने का संकल्प कराया जाता है। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र वेदालंकार ने कहा की महर्षि दयानंद सरस्वती जी को ही महापुरुषों में युग प्रवर्तक कहा जाता है। गुरुकुल शिक्षा के द्वारा ही नैतिक शिक्षा को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि स्वराज के प्रथम उद्घोषक महर्षि दयानंद जी हैं देश की आजादी में प्रेरित करने वालों में महर्षि दयानंद जी का योगदान है। सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक भानु प्रकाश शास्त्री एवं गुरुकुल के ब्रह्मचारियों ने आधुनिक साज बाज पर महर्षि दयानंद सरस्वती यशोगान के गीतों से श्रोताओं को झूमा दिया। इस अवसर पर वीरप्रताप अरोड़ा, गायत्री मीना,कर्ण सिंह शास्त्री, अग्निदेव,ब्रह्मचारी हर्ष,शिवम् सोनी, अमित,आदि ने भी अपने विचार रखे। समारोह में प्रमुख रूप से सर्वश्री वेद प्रकाश अरोड़ा,यज्ञवीर चौहान,डा प्रमोद सक्सैना,सत्यपाल आर्य,चंद्रावती आर्या, ओमवती गुप्ता,ओमकार शास्त्री, प्रवीण आर्य एवं सीमा जी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का कुशल संचालन डा. जयेंद्र आचार्य वा मंत्री गायत्री मीना ने किया। प्रधाना मधु भसीन,कैप्टन अशोक गुलाटी ने सभी का आभार व्यक्त किया। शांतिपाठ एवं ऋषिलंगर के साथ समारोह संपन्न हुआ।

# नोएडा में गूंजी बांग्लादेशी हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध की आवाज - सांसद ने केंद्र सरकार से की कार्रवाई की मांग



नोएडा । बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे लगातार हिंसा को लेकर नोएडा-गाजियाबाद में हिंदू संगठन विरोध में उतर आए हैं। नोएडा में यह विरोध प्रदर्शन सेक्टर-33 में इस्कान मंदिर के पीछे मैदान में किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में हिन्दू संगठनों के सीनियर नेता भी मौजूद रहे। साथ ही साधु संत भी विरोध प्रदर्शन में पहुंचे हुए हैं। यहां के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा में और गाजियाबाद में भी जोरदार प्रदर्शन किया गया। यहां स्वामी चिन्मय दास की रिहाई की भी मांग की गई। यहां हो रहे प्रदर्शन में भाग लेने सांसद महेश शर्मा भी पहुंचे थे। नोएडा मे मंच पर मौजूद रहे साधु-संत नोएडा के सेक्टर 33 के इस्कान मंदिर के पीछे मैदान में हिंदुओं पर पड़ोसी देश बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार और जुल्म का यहां जमकर विरोध हुआ। इसमें हिन्दू संगठनों के कई बड़े नेताओं के साथ साधु संत भी विरोध प्रदर्शन में पहुंचे हैं। यहां मंच पर कई साधु संत विराजमान थे। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों की निंदा करते हुए भारत सरकार से इस मामले में कड़ा कदम उठाने की मांग की गई। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में प्रदर्शन हिंदू समुदाय ने बांग्लादेश में हो रहे अत्याचारों के विरोध में रविवार को पंचशील ग्रीन्स-2 सोसाइटी में एक विशाल पैदल मार्च का आयोजन किया। इस मार्च में सैकड़ों की संख्या में वरिष्ठ नागरिक और जागरूक लोग शामिल हुए, जिन्होंने मूर्ति चौक तक मार्च करते हुए पड़ोसी मुल्क में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार की निंदा की और भारत सरकार से कड़े कदम उठाने की अपील की। प्रदर्शनकारियों ने हिंदुओं पर हो रहे हमलों की निंदा करते हुए नारे लगाए और तख्तियों के माध्यम से अपने आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे आरएस पालीवाल ने कहा, यदि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हिंसा जारी रही, तो केंद्र सरकार को सख्त कदम उठाने चाहिए। उनका सुझाव था कि भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा जाए और बांग्लादेशी राजदूत को निष्कासित किया जाए। Noida News बांग्लादेश के साथ व्यापार समझौतों की समीक्षा बांग्लादेश में अगर हिंदू सुरक्षित नहीं हैं, तो भारत सरकार को तुरंत उन्हें भारत लाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

और बांग्लादेश के साथ व्यापार समझौतों की समीक्षा की जानी चाहिए। केंद्र को हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने चाहिए। स्वामी चिन्मय दास की रिहाई की मांग बांग्लादेश में हाल में गिरफ्तार किए गए स्वामी चिन्मय कृष्ण दास की रिहाई की भी मांग भी की गई। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार को बांग्लादेश पर कूटनीतिक दबाव बनाना चाहिए ताकि स्वामीजी को तुरंत रिहा किया जा सके। इसके साथ ही अवैध रूप से भारत में रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को भी देश से बाहर किया जाए। यहां प्रदर्शन के दौरान मौजूद लोगों ने यह संकल्प लिया कि भारत सरकार को बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाना चाहिए।

मौजूद लोगों ने उम्मीद जताई कि भारत सरकार जल्द ही ठोस कदम उठाएगी। जिससे हिंदू समुदाय की रक्षा हो सके और देश की छवि भी बनी रह सके।


# एनसीआर में मोबाइल फोन चोर कर मौज-मस्ती करने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार




नोएडा । दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में मोबाइल फोन चोर कर मौज-मस्ती करने वाले दो शातिर बदमाशों को एक सूचना के आधार पर थाना सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किये गए अभियुक्त छात्र बताये जा रहे हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के 7 मोबाइल फोन, नकदी तथा 2 अवैध चाकू बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना सूरजपुर पुलिस ने रविवार को मिली एक सूचना के आधार पर मोजर बीयर गोलचक्कर के पास से अभियुक्त राकेश यादव पुत्र स्व नगेन्द्र सिंह तथा प्रवीन शर्मा पुत्र जयप्रकाश शर्मा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के 7 मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कंपनी के बरामद किये गये तथा मोबाइल चोरी के बाद बेचकर प्राप्त एक हजार रुपये अभियुक्तों के कब्जे से नकद बरामद हुआ है। पुलिस द्वारा तलाशी लेने पर बदमाशों के पास से दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने मोबाइल चोरी की कई घटनाओं का खुलासा किया है।

अभियुक्तगण मोबाइल फोन चोरी करने के बाद राह चलते लोगों को अपनी मजबूरी दिखाकर सस्तें दामों में बेच देते थे।

बिक्री के बाद जो पैसे मिलते थे दोनों मौज-मस्ती पर खर्च करते थे।




# मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार नहीं संभल रहा है - तेजस्वी यादव



पटना । बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज को राजद नेता तेजस्वी यादव ने छात्रों के भविष्य संग खिलवाड़ बताया है। उनके मुताबिक प्रदेश में अफसरशाही चरम पर है। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी ने मीडिया से बातचीत में कहा, देखिए लाठीचार्ज तो हुआ है और यह लाठी डंडे वाली सरकार है। अफसरशाही पूरे चरम पर है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार होश में नहीं हैं। नहीं जानते बिहार में क्या हो रहा है। सच बात तो यह है कि मुख्यमंत्री से बिहार चल नहीं पा रहा है। लगातार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बताएं कि सर्वर डाउन होने की वजह से जो नौजवान परेशान हैं, लाखों अभ्यर्थियों जो फॉर्म नहीं भर पाए हैं। इसके लिए दोषी छात्र-छात्राएं नहीं हैं। बिहार सरकार को छात्रों को मौका देना चाहिए। सर्वर को एक-दो दिन के लिए खोल देना चाहिए। जिससे लाखों छात्र फॉर्म भर सकें। सत्ता पक्ष के बयान पर तेजस्वी ने कहा, हम जनता और नौजवानों की आवाज नहीं उठाएंगे तो कौन उठाएगा? छात्रों की आवाज यह लोग क्यों नहीं उठाते हैं? 10 दिन से नॉर्मलाइजेशन को लेकर प्रदर्शन चल रहा है। सरकार को पहले बताना चाहिए था। आज लाठीचार्ज करने के बाद बता रहे हैं। इंडिया ब्लॉक का नेतृत्व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी करना चाहती हैं। जब इस पर तेजस्वी यादव से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा अभी इस पर जवाब नहीं। बता दें कि 6 दिसंबर को पटना में बीपीएससी के सामने विरोध प्रदर्शन करने वाले छात्रों को तितर बितर करने के लिए लाठीचार्ज हुआ था। इसके बाद तेजस्वी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखी थी। सीएम नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा था कि राजनीति से रिटायर होने की उम्र है 'वो' पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं तथा नौकरी की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठियां चलवा रहे है। ।

# मात्र 06 घंटे के अन्दर 02 वर्ष की मासूम से दुष्कर्म की घटना में वांछित अपराधी मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में गिरफ्तार



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर । अवगत कराना है कि आज दिनांक 07/08.12.2024 को थाना जहांगीरपुर पुलिस एक अभिसूचना के आधार पर परौरी नहर चौराहे पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चैकिंग कर रही थी उसी समय एक बाइक पर संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रूकने का इशारा किया गया तो नही रुका बल्कि बाइक को तेजी से लेकर नहर पटरी की तरफ भागने लगा। जिसपर पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया गया तो कुछ दूरी पर चांचली जवां पुल के पास बदमाश की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गयी। बदमाश द्वारा अपने आपको पुलिस से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हुआ, जिसको गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान कल्लू पुत्र हरचंदी निवासी ग्राम बागपुर थाना चांट जनपद पलवल, हरियाणा के रुप में हुई हैं। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं। बदमाश के कब्जे से अवैध असलहा व कारतूस व चोरी की बाइक बरामद हुई हैं। उल्लेखनीय है कि बदमाश कल्लू द्वारा दिनांक 07.12.2024 को थाना जहांगीरपुर क्षेत्रान्तर्गत 02 वर्ष की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया था। जिसके सम्बंध में थाना जंहागीरपुर पर मुअसं-103/24 धारा 64(2)(च)(झ)(ठ), 65(2) बीएनएस व 5एम/6 पोक्सो एक्ट पंजीकृत है जिसमें उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-1- कल्लू पुत्र हरचंदी निवासी मौ0 ग्राम बागपुर थाना चांट जनपद पलवल, हरियाणा। बरामदगी-1-0 1 तमंचा 315 बोर मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस। 2- 01 काले रंग की स्प्लेण्डर बाइक (चोरी की)। अभियुक्त कल्लू का आपराधिक इतिहास-1- मुअसं-139/22 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट थाना चोला जनपद बुलन्दशहर। 2- मुअसं-103/24 धारा 64(2)(च)(झ)(ठ), 65(2) बीएनएस व 5एम/6 पोक्सो एक्ट थाना जहांगीरपुर जनपद बुलन्दशहर। 3- मुअसं-104/24 धारा 109(1)/317(5) बीएनएस 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना जहाँगीरपुर जनपद बुलन्दशहर।

अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जहांगीरपुर पर अग्रिम वैधानिक कार्यावाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जायेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-1-श्री अमित कुमार सिंह थाना प्रभारी जहांगीरपुर ।2- उ0नि0 राजकुमार मिश्रा, उ0नि0 दुर्वेश कुमार 3- है0का0 सतीश कुमार, है0का0 अर्जुन सिंह, का0 देवेन्द्र शर्मा, का0 रवि कुमार।

# समूचे ब्रज मंडल के पौराणिक, ऐतिहासिक, धार्मिक व सांस्कृतिक जानकारियों से सराबोर है चल मन वृन्दावन

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

वृन्दावन। पिछले दिनों प्रख्यात सिने अभिनेत्री व मथुरा की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी के द्वारा चल मन वृन्दावन नामक कॉफी टेबल बुक प्रकाशित हुई है। जिसकी मुख्य संपादक भी वहीं हैं। जिसमें न केवल श्रीधाम वृन्दावन की अपितु समूचे ब्रज मंडल की महिमा का विस्तृत वर्णन है।यह पुस्तक हिन्दी व अंग्रेजी भाषाओं में एक साथ प्रकाशित हुई है। बहुत शीघ्र यह ग्रंथ अन्य भाषाओं में भी प्रकाशित किए जाने की योजना है। यह कॉफी टेबल बुक इन दिनों अत्यधिक चर्चा में है।साथ ही इसकी सर्वत्र प्रशंसा भी हो रही है।क्योंकि समूचे ब्रज का अत्यंत बारीकी से सचित्र विवरण इस ग्रंथ के अलावा किसी अन्य ग्रंथ में नहीं है।यह ग्रंथ अत्यंत नयनाभिराम व चित्ताकर्षक है।इसलिए इसे पढ़ने के साथ-साथ इसके दर्शन करने मात्र से भी अत्यधिक सुख व आनन्द की प्राप्ति होती है।यह कॉफी टेबल बुक पठनीय ही नहीं अपितु संग्रहणीय भी है। इस पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि ये समूचे ब्रज मंडल के पौराणिक, ऐतिहासिक, धार्मिक व सांस्कृतिक जानकारियों से सराबोर है।मुझे पूर्ण



विश्वास है कि यह ग्रंथ अपने पाठकों को ब्रज वृन्दावन में आने के लिए निश्चित ही प्रेरित करेगा।जिससे ब्रज पर्यटन को बढ़ावा भी मिलेगा।साथ ही इस ग्रंथ के माध्यम से ब्रज की माटी की सुगंध देश-देशांतर तक फैलेगी। चल मन वृन्दावन कॉफी टेबल बुक के संपादक हिन्दी व अंग्रेजी के लब्ध-प्रतिष्ठ विद्वान, प्रख्यात साहित्यकार व पत्रकार डॉ अशोक बंसल हैं।साथ ही सह संपादक श्री सुनील आचार्य, सलाहकार - जनार्दन शर्मा (सांसद प्रतिनिधि), प्रकाशक - डॉ. हरिवंश चतुर्वेदी (डायरेक्टर/प्रेसिडेंट बिमटेक फाउंडेशन, नोएडा), प्रायोजक - इंडियन ऑयल लिमिटेड, नई दिल्ली, मुद्रक -आई. एम. वर्ड. , नोएडा, ग्राफिक्स एंड आर्ट्स - श्री विकास गुप्ता एवं छायाकार श्री जुगेंद्र कुमार (नई दिल्ली) व पी.के. स्टूडियो, मथुरा हैं। चल मन वृन्दावन कॉफी टेबल बुक के प्रकाशन व उसको प्राप्त सर्वत्र प्रशंसा एवं सराहना के मूल में फिल्म अभिनेत्री व सांसद श्रीमती हेमा मालिनी ही हैं।वे मथुरा की सांसद होने के दशकों वर्ष पूर्व से ही ब्रज वृन्दावन से जुड़ी हुई हैं।साथ ही उन्हें यहां से अत्यधिक प्रेम है।इस ग्रंथ का प्रकाशन उनके इसी प्रेम की उपज है।जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, वो कम है।मैं उन्हें अपने अंतर्मन की अतल गहराइयों से बारम्बार बधाइयां व शुभकामनाएं देता हूं। ग्रंथ के संपादन व प्रकाशन के लिए उसके संपादक डॉ. अशोक बंसल का योगदान भी कम नही आंका जा सकता है।उन्होंने हिन्दी व अंग्रेजी भाषाओं में लगभग बीसियों पुस्तक लिखकर हिन्दी व अंग्रेजी वांग्मय को समृद्ध किया है।साथ ही उनके द्वारा समय-समय पर सम-सामायिक विषयों पर लिखे गए विचारोत्तेजक लेख हम सभी के लिए प्रेरक हुआ करते हैं।वह इंडियन एक्सप्रेक ग्रुप के हिन्दी दैनिक जनसत्ता के प्रख्यात पत्रकार हैं। सहृदय-श्रेष्ठ, डॉ. अशोक बंसल पिछले लगभग 30 वर्षों से मेरे परम् आत्मीय व घनिष्ठ मित्र हैं। मैंने उनकी जीवन यात्रा को निकट से देखा है।मथुरा के बी.एस.ए. कॉलेज में अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष रहने के बावजूद भी उनकी हिन्दी भाषा पर इतनी अधिक पकड़ है, जितनी कि हिन्दी के महारथियों की भी नहीं होती है।उनके हिन्दी शब्द ज्ञान का तो कोई सानी ही नहीं है।तभी तो हम लोग मजाक में उनसे यह कहते हैं, कि शायद आपने एम.ए. (अंग्रेजी), हिन्दी माध्यम से किया होगा।तभी तो आप इतनी अच्छी हिन्दी लिख व बोल लेते हैं।वे हमारे पत्रकार जगत के गौरव हैं।सत्य, निष्पक्ष, निडर, ईमानदार, पारदर्शी एवं मिशनबद्ध पत्रकारिता करना उनके रक्त में समाहित है। मैं उन्हें भी बहुत-बहुत बधाईयां व शुभकामनाएं देता हूं।क्योंकि उन्होंने अपनी कलम के द्वारा हिन्दी वांग्मय को अत्यंत समृद्ध किया है।

# केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह ने किया गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन

गोरखपुर । केंद्रीय रेल राज्य मंत्री एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर शिवावतार गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्री सिंह ने कहा कि नाथपंथ की सर्वोच्च पीठ आकर वह धन्य हो गए और यहां से वह देश और देशवासियों की सेवा के लिए नई ऊर्जा लेकर जा रहे हैं। रेल राज्यमंत्री रविवार को गोरखपुर से सिद्धार्थनगर के बढ़नी



में विभागीय लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम में रवाना होने से पहले गोरखनाथ मंदिर गए। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन और पूजन किया। तत्पश्चात वह ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थली पर पहुंचे और शीश नवाकर तथा विधिवत गुरु पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया। दर्शन पूजन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह ने कहा कि वह सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गोरखनाथ मंदिर आने और गुरु गोरखनाथ तथा ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज के दर्शन-पूजन का अवसर प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि गोरखनाथ मंदिर नाथ परंपरा और गुरु परंपरा के प्रतिबद्ध और प्रसिद्ध है। गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनका आशीर्वाद उन्हें हमेशा मिलता रहा है। योगी जी नाथ परंपरा, गुरु परंपरा के ज्ञानी और विस्तारक होने के साथ ही सिख धर्म-परंपरा के भी मर्मज्ञ हैं। रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह के गोरखनाथ मंदिर पहुंचने पर प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ ने उनका अभिनंदन किया। मंदिर में परंपरागत प्रसाद ग्रहण करने के बाद रवनीत सिंह सिद्धार्थनगर के लिए रवाना हो गए।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया शीतकालीन चारधाम यात्रा का शुभारंभ

देहरादून । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना के साथ ही शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू करने की घोषणा कर दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दो दिवसीय दौरे पर रुद्रप्रयाग पहुंचे। रविवार को अपने दौरे के दूसरे दिन मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड को बड़ी सौगात देते हुए 12 महीने चलने वाली चारधाम यात्रा शुरू कराने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी ने रविवार को विधिवत केदार बाबा के शीतकालीन गद्दीस्थल ऊखीमठ से चारधाम यात्रा का ऐलान कर दिया है। उत्तराखंड में लंबे समय से चारधाम शीतकालीन यात्रा को लेकर आवाजें उठती रही हैं। शीतकालीन चारधाम यात्रा शुरू होने से उत्तराखंड में साल भर देश-विदेश से यात्री दर्शन के लिए आएंगे। इससे वहां के स्थानीय लोगों की आर्थिकी को भी लाभ पहुंचेगा। इस अवसर पर रुद्रप्रयाग विधायक भरत सिंह चौधरी, केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, तीर्थ पुरोहित सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनता मौजूद रही। उन्होंने कहा, कोई भी यात्रा तभी सफल होती है, जब हमारे प्रयासों से उसका मार्ग सुगम हो और समय के साथ उसका आयोजन निरंतर चलता रहे। इसी तरह, अब 12 महीने तक हमारी यात्रा निरंतर चले, और हर महीने लोग यहां आते रहें, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। हम सभी को इसके लिए आवश्यक निर्देश भी दे रहे हैं, और एक तरह से इसकी शुरुआत हो चुकी है। हम भगवान से प्रार्थना करते



हैं कि वे इस यात्रा को अनवरत जारी रखने का आशीर्वाद हमें दें। उन्होंने आगे कहा, आने वाले समय में यह यात्रा निश्चित रूप से एक गेम चेंजर साबित होगी। साथ ही, हमारे अन्य धार्मिक स्थल जैसे कि गरीबीनारायण, कार्तिक स्वामी, और चारधाम आदि को भी हम एक मास्टर प्लान के तहत विकसित करेंगे। इन स्थानों के साथ-साथ पुरानी काशी, महाराज जी, देवरिया ताल जैसे अन्य स्थलों को भी हम विकास के तहत आगे बढ़ाएंगे।

# हरियाणा पुलिस ने शंभू बॉर्डर पर किसानों के मार्च को रोकने के लिए आंसू गैस के गोले दागे

चंडीगढ़ । हरियाणा में सुरक्षाकर्मियों ने रविवार को शंभू बॉर्डर पर बहुस्तरीय अवरोधक के पास पहुंचे प्रदर्शनकारी किसानों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे। आंसू गैस के गोले दागे जाने के कारण किसानों को कुछ मीटर पीछे हटना पड़ा। इनमें से कुछ किसानों ने अपने चेहरे ढके हुए थे और कुछ ने चश्मे पहने हुए थे। कुछ किसान जूट के गीले बोरों से आंसू गैस के गोलों से बचते दिखाई दिए। दरअसल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के लिए कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते 101 किसानों के एक समूह ने पंजाब-हरियाणा सीमा पर शंभू प्रदर्शन स्थल से रविवार दोपहर 12 बजे के बाद दिल्ली के लिए अपना पैदल मार्च फिर शुरू किया था। कुछ मीटर आगे बढ़ने के बाद प्रदर्शनकारियों को हरियाणा पुलिस की ओर से लगाए गए भारी अवरोधकों का सामना करना पड़ा। इससे पहले शुक्रवार को भी सुरक्षाकर्मियों ने मार्च कर रहे किसानों पर आंसूगैस के गोले दागे थे जिसके बाद किसानों ने दिल्ली कूच स्थगित कर दिया था।



# ममता एक काबिल नेता हैं- पवार



मुंबई । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के उस बयान का समर्थन किया है जिसमें उन्होंने 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की अगुवाई करने की इच्छा जाहिर की है। पवार ने शनिवार को कोल्हापुर में संवाददाताओं ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एक काबिल नेता हैं और उन्हें विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने की इच्छा जाहिर करने का अधिकार है। इस सप्ताह की शुरुआत में बनर्जी ने कहा था कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुए वह विपक्षी गठबंधन के संचालन की जिम्मेदारी भी संभाल सकती हैं। बनर्जी ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब हाल में हरियाणा, जम्मू-कश्मीर और महाराष्ट्र में हुए चुनावों में कांग्रेस को मिली हार और विभिन्न क्षेत्रीय दलों के बीच असंतोष के कारण विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में मतभेद सामने आए हैं। बनर्जी की टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा, ''वह देश की एक काबिल नेता हैं और उन्हें अपनी इच्छा जाहिर करने का अधिकार है। उन्होंने संसद में जो सांसद भेजे हैं वे मेहनती और जागरूक हैं।''

## संक्षिप्त समाचार

# जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में दो पुलिसकर्मियों की मौत

जम्मू । जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में रविवार सुबह एक संदिग्ध घटना में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। पुलिस ने एक बयान में कहा कि सुबह करीब साढ़े छह बजे पुलिस स्टेशन रहमबल में पुलिस को सूचना मिली कि विभाग के वाहन में सोपोर से रियासी जिले के तलवाड़ा ट्रेनिंग सेंटर की ओर जा रहे दो पुलिसकर्मी गोलीबारी के कारण घायल हो गए हैं। बयान में कहा गया, शुरुआती जांच से पता चला है कि यह हत्या और उसके बाद आत्महत्या का मामला है। इस बीच, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और जांच शुरू कर दी है। उधमपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आमोद नागपुरे ने कहा, प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह साबित हो गया है कि घटना में एके -47 राइफल का इस्तेमाल किया गया था। दो पुलिस कर्मियों की मौत हो गई है, और एक अन्य घायल है जिसे निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# छत्तीसगढ़ के भिलाई में हुई दुर्घटना मे दो लोगों की मौत

दुर्ग । छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के भिलाई सेक्टर-1 में शनिवार शाम एक तेज रफ्तार कार पेड़ से टकरा गई, जिसमें एक युवती समेत 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए जिनकी हालत गंभीर है। कार में चार लोग सवार थे। इस हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। घटना भट्टी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार, मरने वालों की पहचान मरोदा निवासी लुकेंद्र उइके और दीपिका कौर के रूप में हुई है। वहीं, परमवीर सिंह और पूनम कौर गंभीर रूप से जख्मी है। जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है।

# छत्तीसगढ़ में माओवादियों ने जीड़पल्ली पुलिस कैंप पर किया हमला

बीजापुर । छत्तीसगढ़ में माओवादियों ने पामेड़ थाना अंतर्गत जीड़पल्ली पुलिस कैंप पर शनिवार देर रात फायरिंग की। बीजापुर एसपी डॉ जितेंद्र यादव ने इस घटना की पुष्टि की और बताया कि इस घटना में किसी को चोट नहीं आयी है। श्री यादव ने बताया कि फायरिंग के बाद नक्सली भाग निकले। उन्होंने बताया कि तीन दिनों में यह दूसरा नक्सली हमला है और इन हमलों के पीछे सेंट्रल कमेटी के शीर्ष नेता हिडमा का हाथ है। दूसरी घटना में शनिवार देर रात लोदेड इलाके के मद्देड थाना क्षेत्र माओवादियों ने एक महिला की हत्या कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने पहले महिला का अपहरण किया था। इसके बाद उसकी हत्या कर दी। हालांकि अभी हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस की टीम को घटनास्थल पर भेजा गया है। गौरतलब है कि माओवाद प्रभावित इलाकों में नक्सलवाद को खत्म करने के लिए लगातार सुरक्षा कैंपों की स्थापना की जा रही है इससे बुरी तरह बौखलाए हुए नक्सली सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा से कैंप पर हमला कर रहे हैं।

# तेलंगाना में सड़क हादसे में दो पुलिस कांस्टेबल की मौत

सिद्दीपेट । तेलंगाना के सिद्दीपेट जिले में रविवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में दो पुलिस कांस्टेबल की मौत हो गई। मृतकों की पहचान आर. परंदामुलु (43) और वेंकटेश्वरलु (42) के रूप में की गयी है। वे दोनों दौलताबाद थाने में कार्यरत थे। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब दौलताबाद से गजवेल जाते समय एक अज्ञात वाहन ने दोनों कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच चल रही है। इस बीच, सिद्दीपेट के विधायक एवं पूर्व मंत्री टी हरीश राव ने घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को हरसंभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया।

# महाकुंभ - रेलवे व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे अश्विनी वैष्णव, कहा- अयोध्या, प्रयागराज के लिए चलेगी रिंग रेल



वाराणसी । केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रविवार को वाराणसी दौरे पर पहुंचे। वह महाकुंभ को लेकर रेलवे की तैयारी का जायजा लेने आए। अयोध्या और प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए रिंग रेल की व्यवस्था की गई है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को पत्रकारों से कहा कि पवित्र महाकुंभ हमारी संस्कृति की बहुत बड़ी धरोहर है। हमारी संस्कृति का बहुत बडा महापर्व है। महाकुंभ को देखते हुए रेलवे की तरफ से विस्तृत तैयारी की गई है, उस तैयारी का आज जायजा लेंगे। पिछले तीन साल से तैयारी चल रही है। कई नए ब्रिज वेटिंग एरिया, डबलिंग के काम, स्टेशन का सुसज्जित करण स्टेशन के सारे काम कंप्लीट हो गए हैं। मंत्री ने कहा कि इस बार चार बड़े स्नान वाले दिन हैं। चारों दिन बड़ी संख्या में देशभर से भक्त आएंगे। उनके लिए एक बढ़िया व्यवस्था की गई है। इस बार अयोध्या से और प्रयागराज से एक रिंग रेल की व्यवस्था की गई है। चार रिंग रेल की व्यवस्था की गई है। बहुत बड़े-बड़े होल्डिंग एरिया बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कुंभ के 45 दिन में 13,000 सर्विसेज कुल चलेंगी। ज्ञात हो कि महाकुंभ को लेकर केंद्र और प्रदेश सरकार सक्रिय मोड में है। केंद्र सरकार ने विशेष अनुदान भी प्रदेश में दिया है ताकि श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हों और उन्हें सभी सुविधाएं मिलें। ऐसे में रेल सुविधाओं की जांच के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रविवार को वाराणसी पहुंचे। ट्रेन से कैबिनेट मंत्री वैष्णव वाराणसी से प्रयागराज की दूरी तय करेंगे। इस दौरान वह बनारस स्टेशन से झूसी तक रेल मार्ग का निरीक्षण करेंगे और कुंभ की तैयारियां का जायजा लेंगे। केंद्रीय रेल मंत्री के दौरे के पहले देर रात रेलवे बोर्ड के चेयरमैन (सीआरबी) वाराणसी जंक्शन पहुंचे थे। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

# स्कूल बस पलटने से तीन छात्राओं की मौत, 15 घायल

जयपुर । राजस्थान में राजसमंद जिले के चारभुजा थाना अंतर्गत देसूरी नाल में रविवार को एक स्कूली बस पलटने से तीन छात्राओं की मौत गई जबकि 15 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि आमेट के राछेटी पंचायत के माणकदेह राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थी रविवार को परसराम महादेव पिकनिक मनाने के लिए जा रहे थे। यह बस चारभुजा स्थित देसूरी नाल में एक मोड़ पर बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे तीन बालिकाओं की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस उपाधीक्षक ज्ञानेन्द्र सिंह, थानाधिकारी गोवर्धन सिंह एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घायल बच्चों को आमेट और चारभुजा के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है।